संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 20 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 107 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## दिल्ली: मुस्तफाबाद में इमारत ढहने से 11 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार तड़के एक इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कई लोग फंस गए। अबतक इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 8 लोग एक ही परिवार के हैं। हादसे में मकान मलिक तहसीन (60) की भी मौत हो गई है। मौके पर एनडीआरएफ, दमकल, दिल्ली पुलिस और स्थानीय लोग बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। चार मंजिला इमारत आज तड़के 2.39 बजे अचानक जमींदोज हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने इस हादसे में 11 लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए इनके नामों की सूची भी जारी की है। मृतकों में तीन महिलायें और चार बच्चे भी हैं। इनमें आठ लोग एक ही परिवार के हैं। हादसे में 11 लोग घायल हैं, जिनमें से 6 को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और 5 का इलाज अब भी जारी है। माना जा रहा है कि हादसे के समय इमारत में 22 से 24 लोग मौजूद थे। एनडीआरएफ के अधिकारियों के मुताबिक उनकी टीम सुबह 4.50 बजे घटना स्थल पर पहुंची थी।

# एलन मस्क इस साल के अंत में भारत आएंगे, नवाचार पर सहयोग की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** टेस्ला इंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क इस साल के अंत में भारत दौरे पर आएंगे। मस्क ने शनिवार यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत के एक दिन बाद की है। एलन मस्क ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि 'पीएम मोदी के साथ बात करना सम्मान की बात थी। मैं इस साल के अंत तक भारत आने की प्रतीक्षा कर रहा हूं।' एलन मस्क ने अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक्स पर शेयर की गई पोस्ट का जवाब देते हुए यह बात लिखी है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एलन मस्क से बातचीत के बाद अपने एक्स पोस्ट अकाउंट पर लिखा था, एलन मस्क से बातचीत की और विभिन्न मुद्दों के बारे में चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय शामिल थे। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार क्षमता पर चर्चा की।

### भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के संदर्भ में शामिल हैं 19 अध्याय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों द्वारा अंतिम रूप दिए गए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में करीब 19 अध्याय शामिल हैं। इनमें माल, सेवाओं और सीमा शुल्क की सुविधा जैसे मुद्दों को शमिल किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि वार्ता को और अधिक गति देने के लिए भारत की एक आधिकारिक टीम अगले हफ्ते वाशिंगटन का दौरा कर रही है, ताकि प्रस्तावित भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर किया जा सके। भारत के मुख्य वातार्कार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच पहले व्यक्ति की बातचीत के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। राजेश अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।



**प्रौद्योगिकी**

बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय शामिल थे। प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार क्षमता पर चर्चा की थी

**फास्ट न्यूज**

### एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 17,616 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में एचडीएफसी बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 6.6 फीसदी बढ़कर 17,616 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर 22 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में एचडीएफसी बैंक ने बताया कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में एचडीएफसी बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 6.6 फीसदी बढ़कर 17,616 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की सामान तिमाही में बैंक का मुनाफा 16,512 करोड़ रुपये रहा था। बैंक के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी 89,488 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 89,639 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की ब्याज से आमदनी वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 77,460 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 71,473 करोड़ रुपये थी।

### धार्मिक संस्थानों के नाम पर धोखाधड़ी के बारे में सचेत किया


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जनता को सचेत करने के लिए शनिवार को चेतावनी जारी की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने जनता को ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी के बारे में सचेत किया है। विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया गया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। आई4सी ने एक बयान में कहा कि यह धोखाधड़ी फर्जी वेबसाइटों, भ्रामक सोशल मीडिया पेजों, फेसबुक पोस्ट और गूगल जैसे सर्च इंजनों पर पेड विज्ञापनों के जरिए की जा रही हैं। चारधाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए गेस्ट हाउस और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब या टैक्सी सेवा बुकिंग और हॉलिडे पैकेज और धार्मिक यात्राएं जैसी सेवाएं देने का दावा करते हैं।

राहुल गांधी ने की नेहरू की तारीफ, परदादा से सत्य और साहस विरासत में मिला है, बोले- उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की खोज में निहित है, राहुल ने राजनीतिक यात्रा के पीछे की गहरी प्रेरणाओं के बारे में बात की

# नेहरू ने राजनीति नहीं, डर से लड़ना सिखाया: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अपनी राजनीतिक यात्रा के पीछे की गहरी प्रेरणाओं के बारे में खुलकर बात की और पूर्व प्रधानमंत्री एवं अपने परदादा पंडित जवाहरलाल नेहरू से प्रेरणा लेने की बात कही। यह बातचीत पूर्व सांसद संदीप दीक्षित के साथ "पॉडकास्ट-शैली" में की गई है। इसमें राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें सत्ता नहीं बल्कि सत्य की खोज ज्यादा प्रेरित करती है। उन्होंने पारिवारिक कहानियों, व्यक्तिगत प्रथाओं और नेहरू, महात्मा गांधी, डॉ भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं की स्थायी विरासत पर विचार किया। राहुल गांधी ने कहा कि संदीप दीक्षित के साथ इस पॉडकास्ट-शैली की बातचीत में मैं इस बारे में बात करता हूं कि मुझे क्या प्रेरित करता है- सत्य की खोज- और यह खोज मेरे परदादा जवाहरलाल नेहरू से कैसे प्रेरित है। वह केवल एक राजनेता नहीं थे। वह एक साधक, एक विचारक, एक ऐसा व्यक्ति था जो खतरे में मुस्कुराते हुए आगे बढ़ा और मजबूत होकर निकला। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की उनकी अथक खोज में निहित है- एक सिद्धांत, जिसने उनके द्वारा अपनाई गई हर चीज को आकार दिया। उन्होंने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। खोज करने, सवाल करने, जिज्ञासा में निहित रहने की जरूरत, यह मेरे खून में है। नेहरू का जिक्र करते हुए राहुल कहते हैं कि मेरी दादी उन्हें "पापा" कहती थीं।

राहुल गांधी ने की पॉडकास्ट में खुलकर दिल की बात



#### समाजवाद नहीं, राजनीति नहीं- सिर्फ साहस: राहुल

राहुल गांधी कहते हैं कि यही वह है, जो गांधी, नेहरू, अंबेडकर, पटेल और बोस वास्तव में सिखा रहे थे: डर से दोस्ती कैसे करें। समाजवाद नहीं, राजनीति नहीं- सिर्फ.साहस। गांधी एक ऐसे साम्राज्य के सामने खड़े हुए, जिसके पास सिर्फ.सच्चाई थी। अंतत: स्वतंत्रता प्राप्त करने का साहस दिया।

#### संदीप दीक्षित से राहुल गांधी ने की बातचीत

राहुल गांधी ने यह बात पार्टी नेता संदीप दीक्षित के साथ एक बातचीत के दौरान कही, जो उनके सोशल मीडिया साइट एक्स हैंडल और यूट्यूब चैनल पर पोस्ट की गई। नेहरू से जो मैंने विरासत में पाया' नाम के शीर्षक से साझा की गई है। राहुल गांधी ने कहा, 'नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, बल्कि हमें डर का सामना करना और सच के लिए खड़ा होना सिखाया।

#### राहुल ने नेहरू के निजी किस्से भी किए साझा

राहुल गांधी ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए बताया कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने उन्हें नेहरू से जुड़े कई किस्से सुनाए थे। उन्होंने बताया, 'दादी ने बताया कि कैसे नेहरू पहाड़ों में घूमते हुए लगभग एक ग्लेशियर में गिर पड़े थे, कैसे जानवर उनके परिवार का हिस्सा थे और कैसे उन्होंने कभी व्यायाम छोड़ना नहीं सीखा।' उन्होंने आगे लिखा, 'मेरी मां आज भी बगीचे में बैठकर पक्षियों को निहारती हैं। मैं जुडो करता हूं। ये सिर्फ शौक नहीं हैं, ये हमारे स्वभाव का हिस्सा हैं। हम दुनिया को ध्यान से देखते हैं, उससे जुड़े रहते हैं और चुनौतियों का सामना शांत शक्ति से करते हैं।' राहुल गांधी ने कहा, 'महात्मा गांधी, नेहरू, अंबेडकर, पटेल और बोस ने असल में हमें डर से दोस्ती करना सिखाया। उन्होंने हमें न समाजवाद, न राजनीति, बल्कि हिम्मत सिखाई।



असम के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की, भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह का दिया निमंत्रण।

### हिंदू नेता मर्डर: बांग्लादेश को भारत की नसीहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा की है। भारत ने वहां की अंतरिम सरकार को नसीहत देते हुए कहा है कि वह बिना किसी भेदभाव के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत के रुख को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, "हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को व्यथित रूप से देखा है। जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी दंड से बचकर घूमते हैं।" "हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी बहाने या भेदभाव के हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करे।"

## 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरी: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में विश्व यकृत दिवस के अवसर पर कहा कि हमारे वेदों में कहा गया है कि आहार ही औषधि है और आज इस थीम को स्वीकार कर पूरा विश्व आगे बढ़ रहा है। गृहमंत्री शाह ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) द्वारा आयोजित 'स्वस्थ लिवर-स्वस्थ भारत' कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृहमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए अपने बेहतर स्वास्थ्य का श्रेय नियमित व्यायाम, उचित नींद और आहार को दिया। उन्होंने युवाओं से बेहतर भविष्य के लिए शारीरिक गतिविधि और आराम को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा कि मई 2020 से उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। शाह ने कहा शरीर की आवश्यकता के अनुसार जल, आहार, व्यायाम और नींद से उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। आज भी वो किसी भी तरह की दवा और इंसुलिन नहीं लेते हैं। उन्होंने कहा कि सभी देशवासी अच्छा आहार, पर्याप्त पानी, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम करें बाकि आपके स्वास्थ्य की चिंता की जिम्मेदारी मोदी सरकार करेगी।

## मुर्शिदाबाद में शांति बहाली सर्वोच्च प्राथमिकता: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शनिवार को कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में शांति बहाल करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्थानीय लोग राज्य सरकार से नाराज हैं और उसकी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं हैं। राज्यपाल ने ये बातें मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में मारे गए हरगोबिंद दास और उनके पुत्र चंदन दास के परिजनों से मुलाकात के बाद कही। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की है और उन्हें अपनी शिकायतें सीधे राजभवन तक पहुंचाने के लिए एक संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया है। राज्यपाल ने कहा कि मेरी प्राथमिकता केवल इलाके में शांति बहाल करना है। मैं राज्य सरकार से भी इस दिशा में उचित कदम उठाने का आग्रह करूंगा। राज्यपाल बोस ने मृतक परिवारों को आश्वस्त किया कि पिता-पुत्र की हत्या में शामिल किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और राज्यपाल के अनुसार यदि अन्य लोग भी इसमें शामिल पाए जाते हैं तो उन्हें भी सजा मिलेगी।



## हेराल्ड-वक्फ पर सच्चाई से रूबरू कराएं: खरगे

**बैठक**

मल्लिकार्जुन खरगे ने देश के अन्य ज्वलंत मुद्दों को भी लगातार उठाते रहने का आग्रह किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में एआईसीसी के महासचिवों, कांग्रेस प्रभारियों और विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के अध्यक्षों की शनिवार को यहां एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित बैठक में खरगे ने नेशनल हेराल्ड और वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर देश भर में लोगों को सच्चाई और कांग्रेस के रुख के बारे में अवगत कराने का आह्वान किया। उन्होंने देश के अन्य ज्वलंत मुद्दों को भी लगातार उठाते रहने का आग्रह किया। खरगे ने अपने शुरूआती सम्बोधन में 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में हुए एआईसीसी के सत्र की सफलता के लिए पार्टी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वहां पारित प्रस्तावों को आप सभी को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचाना है।



#### रचा जा रहा षड्यंत्र: मल्लिकार्जुन खरगे

नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की सम्पत्तियों को अटैच किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल किए जाने को षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अहमदाबाद में एआईसीसी के अधिवेशन के तत्काल बाद ही ईडी ने ये जो कार्रवाई की, उसका मकसद साफ है। रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो उस समय भी वहां उसे विफल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी और सीबीआई को लगा कर रेड कराई गई।

### मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 2016 और 2019 में पिछली यात्राओं के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सितंबर 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, क्राउन प्रिंस और सऊदी अरब के प्रधानमंत्री की नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद हो रही है।

**मानसरोवर यात्रा**

राज्य सरकार शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए केंद्र से आग्रह करेगी

## मुख्यमंत्री ने सेना अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश किन्नौर जिला से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष रखेगा। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां मध्य कमान, लखनऊ के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। हिन्दू, जैन, बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्त्व है। हर वर्ष आध्यात्मिक विरासत का निर्वहन करते हुए हजारों तीर्थ यात्री कैलाश की यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से तिब्बत में प्रवेश कर सकते हैं, क्योंकि यह एक व्यवहार्य मार्ग है। राज्य सरकार केंद्र सरकार से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह करेगी, जिसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों की यह मांग लंबे समय से लंबित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एलएसी तक बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और अन्य अर्धसैनिक बलों के साथ सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। राज्य सरकार केंद्र सरकार से विभिन्न सैन्य और अर्धसैनिक बलों की इनर लाइन चेक पोस्टों को समाप्त करने का भी आग्रह करेगी, जिससे वर्तमान में पर्यटकों के लिए परमिट संबंधी बाधा उत्पन्न होती है। आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर बल दिया। सुक्खू ने स्पीति घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेना से रंगरिक में एक हवाई पट्टी स्थापित करने के लिए कहा, ताकि यहां बड़े विमान उतरने में सक्षम हो सके। सांगला, नेसंग, ठंगी आदि में हेलीपोर्ट बनाने के लिए सर्वेक्षण करने के लिए भी कहा। इन कदमों से क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। पर्यटन क्षेत्र के विस्तार को राज्य सरकार प्राथमिकता प्रदान कर रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सेना के साथ समन्वय अति आवश्यक है।



**बढ़ावा**

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इनर लाइन पोस्टों को समाप्त करने का मामला उठाया जाएगा-मुख्यमंत्री

## बांग्लादेश में हिन्दू नेता की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**ढाका।** बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या क्रम थम नहीं रहा है। अब हन्दू समुदाय के प्रमुख नेता और बांग्लादेश पूजा उडजापान परिषद के उपाध्यक्ष भाबेश चंद्र राय की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इसे लेकर बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय में रोष और भय का माहौल है। उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर में प्रमुख हिन्दू नेता भाबेश चंद्र राय परिवार के साथ रहते थे। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार की करीब शाम पांच बजे का समय रहा होगा। तभी अपराधियों ने राय को फोन किया। उन्होंने घर पर ही होने के बारे में बताया। 30 मिनट बाद ही चार लोग दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए। भावेश को घर से उठा ले गए। उन्हें बदमाश नाराबारी गांव ले गए, वहां पर उन्हें जमकर पीटा गया। बदमाशों के चंगुल से किसी तरह छूट कर राय रात को घायल अवस्था में घर पर पहुंचे और बेहोश हो गए। परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



#### आरोपियों की तलाश जारी

बांग्लादेश के बिराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अब्दुस सबूर ने बताया कि इस मामले आरोपियों की तलाश की जा रही है। भाबेश चंद्र राय की गिनती बांग्लादेश के प्रमुख हिन्दू नेता के रूप में होती थी। जब भी हिन्दुओं पर अत्याचार हुए तो राय ने जमकर विरोध प्रदर्शन किए थे। इसके लिए कई बार उन्हें अंजाम भुगतने की धमकियां भी मिली थीं।गौरतलब है कि बीते दिन ही भारत की ओर से बांग्लादेश को फटकार लगाई थी। कहा था कि वह अपने यहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान दें। लेकिन इसके बाद भी हिन्दुओं की प्रमुख नेता की हत्या कर दी गई।

# इतिहास के पुनः लेखन से लौटेगा भारत का गौरवः डॉ प्रीतम

**मंथन**

**काकोरी प्रतिरोध शताब्दी वर्ष के अवसर पर दो दिवसीय बौद्धिक मंथन का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पुरातात्विक भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग में सभ्यता अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित काकोरी प्रतिरोध शताब्दी वर्ष के अवसर पर दो दिवसीय बौद्धिक मंथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुवि के डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन संस्थान के निदेशक डॉ प्रीतम ने कहा कि भारत में इतिहास पुनः लेखन की आवश्यकता ताकि भारत के अतीत के गौरव को युवा पीढ़ी से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि सन 2047 तक भारत का स्वर्णिम इतिहास एक बार फिर से जनता के सामने होगा। इस दिशा में सभ्यता अध्ययन केंद्र सहित अनेक संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आवश्यकता है भारत के लोगों के सामने भारतीय इतिहास को सही स्वरूप में प्रस्तुत करने की ताकि भारत के गौरवशाली इतिहास के विषय में यहां की जनता रूबरू हो सके।

कार्यक्रम में अंबेडकर विश्वविद्यालय नई दिल्ली के एसोसिएट प्रो. डॉ आनंदवर्धन ने मुख्य वक्ता के रूप में काकोरी मिशन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से ऐतिहासिक अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि काकोरी मिशन की एक अपनी पृष्ठभूमि थी जिसमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, केशव चक्रवर्ती, मुकुंदी लाल, चंद्रशेखर आजाद, रामनाथ पांडे, सचिंद्रनाथ, ठाकुर रोशन सिंह, प्रेम कृष्ण खन्ना, जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि इतिहास में बहुत सारी क्रांतिकारी वीरों की ऐसी घटनाएं हैं जिनको अभी तक ऐतिहासिक दृष्टि से शामिल नहीं किया गया है।

# सड़क पर खड़े डंपर में टकराई बाइक, चालक की मौत

**हादसा**

**घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र के कुमासपुर पुल के पास सड़क पर खड़े डंपर में बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव चमराड़ा पानीपत निवासी जसमेर ने बताया कि उसका भतीजा अनमोल सेक्टर-7 सीएनजी पंप पर काम करता था। बृहस्पतिवार की शाम को काम खत्म कर घर की ओर लौट रहा था। जब वह बाइक पर सवार होकर कुमासपुर पुल के पास पहुंचा तो वहां सड़क पर ईंट से भरे डंपर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसके चलते सड़क पर गिरकर अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने मामले की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। हादसे में घायल अनमोल को उपचार के लिए असपताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निराला धाम के 3 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)** विशन स्वरूप कालोनी स्थित निराला धाम में आज 16वें वार्षिक महोत्सव का सतगुरुदेव आशा भारती जी महाराज की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। इस 3 दिवसीय महोत्सव में प्रथम दिन महाराज श्री अरुणदास जी महामंडलेश्वर हरिद्वार, स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज मुरथल वालों ने संगत को आशीर्वाद दिया। मुख्यातिथि पार्षद अनिल मदान, सतपाल मल्होत्रा रहे। भजन गायन सीमा भारती एण्ड पार्टी द्वारा किया गया। मंच संचालक वेद बंगा रहे। समिति के प्रेस प्रवक्ता हरीश मल्होत्रा ने बताया श्री निराला स्वामी लहरी बाबा जी की प्रेरणा से नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत समिति कार्य करती है। इस मौके पर प्रधान सतीश आघी, जोगेंद्र चन्ना, विशाल खुराना, किशोर वर्मा, कैलाश लूथरा, अमित मल्होत्रा, लव ढुकराल, मनहर बीटू, दीपक मल्होत्रा, चिराग अघी, पंडित महेंद्र पाण्डे, अर्जुन देव मनचंदा मौजूद रहे।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव राज बजाज, पुत्र** : श्री टी आर बजाज, **पता**: 255, टैगोर गार्डन, दिल्ली–110009 ने कोर्ट मुकदमा **पंजी. सं. 2099/2020 U/s 138 NI ACT, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव राज बजाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव राज बजाज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा **पंजी. सं. 2099/2020 U/s 138 NI ACT, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव राज बजाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री. हिमांशु सेहलोथ
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर)
कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4925/NW/2025
(Court Matter)

# बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी गुणवत्ता के खाने पर रखना होगा फोकसः डा.नरेन्द्र

**गुणवत्ता**

**उन्हें समय पर लाभ पहुंचाने के लिए लीड बैंक और डाकघर को भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा.नरेन्द्र सिंह ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ को ठीक रखने के लिए अच्छी गुणवत्ता के खाने पर फोकस रखने की जरूरत है। इस साल पोषण पखवाड़े अभियान के तहत 22 अप्रैल 2025 तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पोषण पखवाड़े अभियान में खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह गत देर सायं जिला खेल विभाग द्वारा पोषण पखवाड़े के तहत निकाली गई रैली के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने साई द्वारा निकाली गई पोषण पखवाड़ा रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की इस पोषण पखवाड़ा अभियान में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकती है। वे गर्भवती महिलाओं का सही समय पर पंजीकरण करवाएं ताकि डिलीवरी के बाद तक उनकी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। आंगनबाड़ी और आशा वर्कर गर्भवती महिलाओं के डाटा को समय पर दर्ज करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी महिला रजिस्ट्रेशन से वंचित न रहे। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि जिले में होने वाली डिलीवरी और रजिस्टर्ड एमटीपी (गर्भपात) सेंटरों पर होने वाले मामलों का नियमित रूप से विश्लेषण किया जाए। जिले में लिंगानुपात में सुधार लाना प्राथमिक उद्देश्य है और इसके लिए सख्त निगरानी जरूरी है। जिन पीएचसी सेंटरों पर मेडिकल ऑफिसर्स (एमओएस) ने सराहनीय कार्य किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और सम्मानित किया जाए, ताकि वे भविष्य में भी पूरे जोश और समर्पण के साथ कार्य करें। डीआईपीआराओ डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि आशा वर्कर, एएनएम, अध्यापकों और आंगनबाड़ी वर्करों की अधिक से अधिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत, सभी लाभार्थियों के बैंक खाते खोलने और उन्हें समय पर लाभ पहुंचाने के लिए लीड बैंक और डाकघर को भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित, पुत्र श्री ब्रह्म सिंह, निवासी 2667, गली नंबर 3, सुभाष नगर, महाबीर ब्लॉक, पांडव रोड, शाहदरा, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** ने **FIR No. 751/14 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 751/14 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री स्वाति शर्मा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नंबर 59, तीसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4658/SHD/2025(Court Matter)

# फिजियोथेरेपी एसो. ने स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**अवगत कराया**

**ज्ञापन में क्षेत्र में कदाचार और अनियमित प्रथाओं के बारे में बढ़ती चिंता को लेकर अवगत करवाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत** एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अपनी मांगों का ज्ञापन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र में कदाचार और अनियमित प्रथाओं के बारे में बढ़ती चिंता को लेकर अवगत करवाया गया है। ज्ञापन ने कई व्यक्ति और केंद्र उचित योग्यता, पंजीकरण या चिकित्सा दिशानिर्देशों का पालन किए बिना फिजियोथेरेपी सेवाएं देने सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य और रोगी सुरक्षा के लिए एक गंभीर जोखिम से बचाने की अपील की गई है। पदाधिकारियों को कहना है कि अनधिकृत प्रथाएँ न केवल प्रदान की जा रही देखभाल की गुणवत्ता से समझौता करती हैं, बल्कि गलत निदान, देरी से ठीक होने और कुछ मामलों में, रोगियों को दीर्घकालिक शारीरिक नुकसान भी पहुंचाते हैं। इसके अलावा, ऐसी प्रथाएं प्रशिक्षित और पंजीकृत फिजियोथेरेपिस्टों की विश्वसनीयता को कम करती हैं जो नैतिक और पेशेवर रूप से काम करते हैं। उन्होंने ज्ञापन के जरिए मांग की है कि इस मुद्दे की जल्द से जल्द जांच करें और उचित उपाय करें। जिसमें फिजियोथेरेपिस्ट का अभ्यास करने वाले लाइसेंस और क्रेडेंशियल सत्यापित करना, चिकित्सा मानकों के पालन के लिए क्लीनिक और पुनर्वास केंद्रों की निगरानी करना, योग्य पेशेवरों से उपचार लेने के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना, कदाचार के दोषी पाए गए व्यक्तियों या केंद्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करना।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कुरुक्षेत्र के चयन जुनेजा ने जेईई मेन्स सेशन 2 में ऑल इंडिया रैंक 1524 की हासिल

**जेईई मेन्स 2025 सेशन 2 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 सेशन 2 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की। संस्थान की अटूट शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ते हुए कुरुक्षेत्र के एक छात्र ने ऑल इंडिया टॉप 2000 रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष कुरुक्षेत्र शाखा के कुल 17 छात्रों ने उल्लेखनीय रैंक हासिल की। इनमें चयन जुनेजा ने एआईआर 1524 रैंक प्राप्त कर इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा वृष्टि ने 3410 रैंक, ओम गौड़ ने 4068 रैंक, अदित्य रमन शर्मा ने 4721 रैंक, ध्रुव छाबड़ा ने 5582 रैंक, मौलिक गाबा ने 6421 रैंक, मानिक गोयल ने 7241 रैंक, यश ने 8403 रैंक, सागर ने 8547 रैंक, सौरभ रोहिला ने 9078 रैंक, केशव गर्ग ने 9517 रैंक, भविष्य गोयल ने 9621 रैंक, केशव वशिष्ठ ने 9884 रैंक, आदित्य जिंदल ने 11548 रैंक, जशन ने 12532 रैंक, अलिश सैनी ने 12697 रैंक व परीक्षित आर्य ने 14455 एआईआर रैंक प्राप्त किया। इन परिणामों से साबित होता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की जा सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार को परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल के दूसरे और अंतिम जेईई सत्र का समापन हुआ। एकेडमिक हैड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक ने बताया कि जेईई मेन्स भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें। छात्रों को बधाई देते हुए ब्रांच मैनेजर शैंकी अरोड़ा व पूजा ने कहा कि हम अपने छात्रों की मेहनत और सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सही कोचिंग और संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सभी सफल छात्रों को बधाई, और हम उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जेईई मेन्स के जरिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का रास्ता बनता ब्रांच मैनेजर शैंकी अरोड़ा ने बताया कि जेईई मेन्स दो सत्रों में आयोजित की जाती है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **किशन कुमार, पुत्रः श्री उमाशंकर, निवासीः मकान नं. C-414, स्वर्ण पार्क, मुंडका, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.953/2022 U/S 482/33/38/58/52(2) IPC** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **किशन कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **किशन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा कि **FIR No.953/2022 U/S 482/33/38/58/52(2) IPC, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के आरोपी उक्त **किशन कुमार** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **22.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री कोमल गर्ग
एल.डी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,
पश्चिम जिला, कमरा नं. 292,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/4881/OD/2025
(अदालती मामला)

# प्रापर्टी डीलर की गाड़ी को मारी टक्कर, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव करेवड़ी में प्रापर्टी डीलर की गाड़ी को टक्कर मारने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव करेवड़ी निवासी सुनील ने बताया कि वह प्रापर्टी डीलर का काम करता है। गत 16 अप्रैल को अपनी स्कोडा कार में सवार होकर खेत में बने कार्यालय पर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार सेंट्रो कार आई। कार चालक ने अचानक से ब्रेक लगाई। जिस पर उसने अपनी कार रोक ली। कार में बैठे युवक ने उसकी तरफ उंगली दिखाई। सुनील का कहना है कि वह अपनी का लेकर दूसरे रोड की ओर चला गया। इसके बाद सेंट्रो सवार ने उसकी कार में सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद आरोपित ने उसकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अडा दी।

वह किसी तरह वहां से अपनी गाड़ी लेकर निकला। जब शिकायत देने के लिए थाने पहुंचा तो गांव के रहने वाले मोहित ने शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी दी। सुनील का कहना है कि मोहित हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है। वह अभी एक महीने पहले ही जेल से बाहर आया है। उसे मोहित और उसके साथियों से जान का खतरा है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मै, विरेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह (Mahender Singh) निवासी गाँव भोगीपुर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत मेरे पिता जी का नाम मेरे पासपोर्ट मे (Mahander Singh) दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पिता जी का सही नाम Mahender Singh है। कृपया ठीक किया जाए।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पंचकूला को स्मार्ट सीटी बनाना सरकार का ध्येय: सैनी

□ मुख्यमंत्री ने पंचकूलावासियों को दी 55 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात □ घग्गर नदी पर 50 करोड़ रुपए की लागत से बने पुल को जनसेवा में किया समर्पित □ इस पुल का राष्ट्रीय राजमार्ग 5 व 7 और 152 से होगा सीधा सम्पर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला को स्मार्ट सीटी बनाने के ध्येय को पूरा करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज 55 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की राशि के विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्याय किया। इन परियोजनाओं में 50 करोड़ रुपए की लागत से घग्गर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन, सेक्टर 28 व 31 में लगभग 4 करोड़ 64 लाख 59 हजार रुपये की लागत से दो डिस्पेंसरियों के भवनों और बरवाला के गांव कनौली में 74 लाख 38 हजार रुपये की लागत से ग्राम सचिवालय का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के गांव में विकास कार्यो के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जो उद्घाटन एवं शिलान्यास किये गये हैं, वे



पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ-साथ उसे एक बेहतर स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होंगे। हमारा लक्ष्य पंचकूला को एक स्मार्ट सिटी बनाना है, जहां नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का सपना देखा है उसमें विकसित हरियाणा का भी अपना स्थान है। हरियाणा को विकसित होना है तो पंचकुला को भी विकसित बनाना होगा। देश के प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का विजन रखा है और इसमें हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

**पंचकुला के विकास को एक नई गति और नई दिशा मिली**

इस अवसर पर पंचकूलावासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन पंचकूला के लोगों के लिए बड़ी खुशी का दिन है। आज पंचकुला के विकास को एक नई गति और नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि माता मनसा देवी और नाडा साहिब की छत्रछाया में फल-फूल रही पंचकूला नगरी के विकास में यह परियोजनाएं महत्वपूर्ण साबित होंगी। उन्होंने कहा कि घग्गर नदी पर पुल का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 50 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

## विकास की एक नई परिभाषा लिखी है

*मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जबसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने जन सेवा का दायित्व संभाला है। पंचकुला के साथ साथ पूरे प्रदेश की दिशा और दशा बदल गई है। हमने पिछले 10 सालों में विकास की एक नई परिभाषा लिखी है। आज हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार तिगुणी रफ्तार से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पंचकूला में माता मनसा देवी परिसर में संस्कृत कॉलेज भवन का निर्माण कार्य 22 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है।*

## पेयजल सुविधाओं में की गई बढोतरी

*नायब सिंह सैनी ने बताया कि भाखड़ा नहर का पानी पंचकूला वासियों को उपलब्ध करवाने के लिए सेक्टर-39 चंडीगढ़ से पंचकूला तक 62 करोड़ रुपये की लागत से पाइप लाइन बिछाई गई। इस पाइप लाइन के माध्यम से सेक्टर-1 पंचकूला और माता मनसा देवी कॉम्पलेक्स के जलघरों को जोड़ा गया है। पंचकूला के सेक्टर-1 के जलघर के लिए कच्चे पानी के शोधन के लिए 32 एम.एल.डी. क्षमता के जलशोधन संयंत्र का निर्माण 33 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से किया गया है।*

# दिल्ली के वाहन चालक ध्यान दें! खटाखट कट रहे 10 हजार के चालान

**निगरानी**

□ वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर भी भेजी जा रही सूचना, पीयूसीसी नहीं तो 10 हजार का चालान, पेट्रोल पंपों पर एआई कैमरों से निगरानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जिस तरह से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है, दिल्ली सरकार इसे लेकर और सख्त हो गई है। अब पेट्रोल पंप पर बगैर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) वाले वाहन के पहुंचते ही संबंधित वाहन का चालान काट दिया जा रहा है। चालान कटने के साथ ही ई-चालान के तहत वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर भी सूचना भेजी जा रही है। इससे पहले सरकार ने पेट्रोल पंप पर ऐसे वाहन के पहुंचने पर चेतावनी देकर दो घंटे का समय देने की योजना बनाई थी, मगर प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिहाज से सरकार ने योजना में बदलाव किया है। करीब 100 पेट्रोल पंपों पर ट्रायल के तौर पर यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। जून अंत तक दिल्ली के सभी 500 पेट्रोल पंपों पर यह व्यवस्था स्थापित हो जाएगी।

**दिल्ली सरकार ने सख्त किए नियम**

दिल्ली में अगर वाहन चला रहे हैं तो प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र बनवाना ना भूलें, अगर किसी कारण से इसे नहीं बनवा पाए हैं तो तुरंत बनवा लें, अन्यथा आप मुश्किल में फंस सकते हैं और आप का 10000 का चालान हो सकता है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र को लेकर नियम सख्त कर दिए हैं।

## एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों ने काम शुरू कर दिया

*इसे लेकर दिल्ली के 100 से अधिक पेट्रोल पंपों पर एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों ने काम शुरू कर दिया है। ट्रायल के आधार पर यह कैमरे काम कर रहे हैं और ऐसे वाहनों के चालान काट दे रहे हैं जिनके पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र नहीं है। इस योजना पर पिछले एक साल से काम चल रहा है।*

# मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर स्कूल बनाएं नीति: शिक्षा निदेशालय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को छात्रों द्वारा मोबाइल फोन के स्कूल में इस्तेमाल को लेकर नीति बनाने और उसे लागू करने को कहा है। निदेशालय ने कहा कि इन स्कूल-विशिष्ट नीतियों को माता-पिता व शिक्षकों के परामर्श से तैयार किया जाना चाहिए। शिक्षा निदेशालय ने ये आदेश हाई कोर्ट के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के उस फैसले पर दिया, जिसमें कहा गया था कि छात्रों को मोबाइल फोन ले जाने से नहीं रोका जाना चाहिए, लेकिन उनके इस्तेमाल को विनियमित और निगरानी की जानी चाहिए।

**हाईकोर्ट ने तैयार किए हैं दिशा-निर्देश**

निदेशालय ने स्कूलों को दिए निर्देश में कहा कि हाई कोर्ट ने स्कूल जाते समय छात्रों के हाथों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अनुमति देने के लाभकारी और हानिकारक प्रभावों को संतुलित करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। ऐसे में स्कूल अपने स्तर पर इस संबंध में एक नीति विकसित कर उसे लागू करने का कार्य करें।

**नीतियां**

□ निदेशालय ने स्कूलों को दिया निर्देश माता-पिता और शिक्षकों के परामर्श से तैयार हो नीतियां

**छात्रों को डिजिटल साक्षरता दी जाए: दिल्ली हाईकोर्ट**

इस वर्ष मार्च में पारित एक आदेश में, दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि स्कूलों को छात्रों को जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, डिजिटल शिष्टाचार और मोबाइल फोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने जोर देकर कहा था कि छात्रों को यह सलाह दी जानी चाहिए कि स्क्रीन और इंटरनेट मीडिया पर अधिक समय बिताने से चिंता, ध्यान की अवधि में कमी और साइबर-बदमाशी हो सकती है।

# होटल ली मेरिडियन को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने जनपथ स्थित ली मेरिडियन होटल के खिलाफ अधिकारियों को कोई भी कार्रवाई करने से रोक दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने होटल प्रबंधन की याचिका पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (लाइसेंसिंग) और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने हेल्थ ट्रेड लाइसेंस पर जोर दिए बिना ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए होटल ली मेरिडियन चलाने वाली सीजे इंटरनेशनल लिमिटेड की अर्जी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**अगली सुनवाई पांच अगस्त को तय की**

कोर्ट ने कहा कि सीजे इंटरनेशनल लिमिटेड के ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस का भी नवीनीकरण किया जाए। कोर्ट ने अधिकारियों को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को तय की। याचिकाकताओं ने अदालत से दिल्ली सरकार को होटल से पहले से नवीनीकृत आबकारी लाइसेंस से संबंधित स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहने से रोकने का निर्देश देने की मांग की। कंपनी ने अपने भोजनालय और आवास लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। कंपनी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि मादक पेय परोसने और रेस्तरां चलाने के लिए होटल प्रबंधन को वैध ईटिंग हाउस लाइसेंस और लॉजिंग लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।

**लाइसेंस जमा करने पर जोर**


याचिकाकताओं ने कहा कि अधिकारी ईटिंग हाउस लाइसेंस, लॉजिंग लाइसेंस और आबकारी लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए पूर्व शर्त के रूप में नई दिल्ली नगर निगम परिषद से वैध स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस जमा करने पर जोर दे रहे हैं।



# 15 साल पहले बनाई गई थी 'मौत' की इमारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में चार मंजिला एक इमारत गिरने की घटना के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हादसे में चार की मौत हो गई और दस लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अभी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इमारत में सबसे नीचे बीच की दीवार को हटाकर बड़ा हॉल बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुस्तफाबाद में इमारत गिरने के दर्दनाक हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एडीआएफ), दिल्ली फॉयर सर्विस (डीएफएस) और अन्य एजेंसियां सतत रूप से जुटी हैं। सभी घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने मुस्तफाबाद में घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सीधे राहत कार्यो को देख रहीं हैं। दिल्ली में मुस्तफाबाद, सीलमपुर, जाफराबाद, सीमापुरी, जामिया, पुरानी दिल्ली जैसे इलाकों में ऐसे अवैध निमार्णों की बाढ़ है। निगम आयुक्त को निर्देश दिया गया है कि आसपास की असुरक्षित इमारतों को खाली कराया जाए। किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा उपाध्यक्ष और स्थानीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर हादसे और बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में 50, 60 एवं 100 गज के छोटे प्लॉट्स पर 5-6 मंजिला ऊंची इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। पूरे इलाके में भवन निर्माण मानकों की अनदेखी हुई है।



## विधायक बिष्ट एलजी सक्सेना और निगम आयुक्त से कर चुके हैं शिकायत

**बिष्ट** ने कहा कि अवैध रूप से इलाके में बड़ी-बड़ी इमारतों की शिकायत उपराज्यपाल और दिल्ली नगर निगम के आयुक्त से कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में भी मुख्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से बनी बड़ी-बड़ी इमारतों का सवाल उठाया। बिष्ट ने विधानसभा में भवन निर्माण के उल्लंघनों की उच्चस्तरीय जांच कराने और निर्माण मानकों के खिलाफ बनी ऊपरी मंजिलों को तत्काल गिराने की मांग की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेने की मांग की थी। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शनिवार तड़के करीब 2:50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

**मलबे में 8-10 लोगों के अभी भी फंसे होने की आशंका :** वहीं मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ को बुलाया गया है। बचाव कार्य अभी जारी है। उत्तर पूर्वी जिले के एडिशनल संदीप लांबा ने बताया कि मलबे से बाहर निकाले गए 14 लोगों में से 4 की मौत हो गई है। मलबे में 8-10 लोगों के अभी भी फंसे होने की आशंका है। इमारत ढहने की घटना पर प्रत्यक्षदर्शी रशीद ने बताया कि यहां दो पुरुष, दो महिलाए, उनके परिवार और किराएदार रहते हैं।



" **मुस्तफाबाद** में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। **-रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली**



" **दिल्ली** के मुस्तफाबाद, सीलमपुर, जाफराबाद, सीमापुरी, जामिया, पुरानी दिल्ली जैसे इलाकों में ऐसे अवैध निर्माणों की भरमार है। किसी भी जिम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा।' **- कपिल मिश्रा, मंत्री**



" **मुस्तफाबाद** में बिल्डिंग गिरने की यह घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पार्टी के सभी कार्याकर्ताओं से मेरी अपील है कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन को पूरा सहयोग करें। **-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली**

## 15 साल पहले लापरवाही से इमारत का निर्माण

**शुरूआती** जांच के बाद पता चला है कि करीब 15 साल पहले लापरवाही से इमारत का निर्माण किया गया था। पिछले कुछ दिनों से ग्राउंड फ्लोर पर बनी दो दुकानों में काम चल रहा था। दो दुकानों के पार्टिशन को हटाकर एक ही दुकान में तब्दील किया जा रहा था। इसके अलावा गली में मौजूद नाली का पानी भी इमारत की बुनियाद में रिस रहा था। आशंका व्यक्त की जा रही है इसकी वजह से इमारत गिरी।

**60 गज के प्लॉट में बनी थी बिल्डिंग**
जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि रात करीब 2.50 बजे कंट्रोल रूम को डी-26, गली नंबर-1, शक्ति विहार, दयालपुर में चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली थी। बचाव दल मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि करीब 60 गज के प्लॉट पर ग्राउंड फ्लोर के अलावा ऊपर तीन मंजिलें और बनी थीं।

**मलबे से 22 लोगों को निकाला जा चुका**
इमारत में मकान मालिक हाजी तहसीन उर्फ यासीन के तीन बेटों के परिवार के अलावा तीसरी मंजिल पर दो किरायेदार के परिवार रहते थे। एक बेटे के परिवार को छोड़कर बाकी सभी अपनी-अपनी फ्लोर पर मौजूद थे। ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों में काम चल रहा था। इस वजह से वहां कुछ मजदूर सो भी रहे थे। अब तक मलबे से 22 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें 11 की मौत हो चुकी है।

**घायलों का जीटीबी अस्पताल में इलाज जारी**
मृतकों में मकान मालिक तहसीन, उसके बेटे नाजिम, नाजिम की पत्नी शाहिना, बेटा अनस, अफ्फान, बेटी आफरीन, तहसीन के बेटे चांद की पत्नी चांदनी और तहसीन के ससुर इशहाक के अलावा किराएदार शाहिद के दो बेटे दानिश और नावेद व दूसरे किरायेदार नबी मोहम्मद की पत्नी रेशमा शामिल हैं।

## मुस्तफाबाद हादसे पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दुख जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में इमारत ढहने और लोगों की मौत पर गहरा दुख और चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन का इस तरह अंत होना दुखद है। सचदेवा ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि मुस्लिम बहुल इलाकों में ऐसी अनेक इमारतें खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम ऐसी पांचवी-छठी मंजिल खाली करवा कर सील करने एवं तोड़ने का आदेश दे। उन्होंने कहा कि आज मुस्तफाबाद विधानसभा के दयालपुर में जो हादसा हुआ, ऐसे ना जाने कितने हादसे दिल्ली के मुस्तफाबाद, करावल नगर, सीलमपुर, ओखला, मटिया महल, बल्लीमारान और सदर बाजार आदि विधानसभा क्षेत्रों में न्योता दे रहे हैं।

## मुस्तफाबाद क्षेत्र की जोखिमपूर्ण इमारतों की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

**दिल्ली** सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा तथा श्रम मंत्री कपिल मिश्रा और विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने शनिवार को मुस्तफाबाद क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत गिरने के घटनास्थल का दौरा किया। कपिल मिश्रा ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि 2-3 दिनों में पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कर जोखिमपूर्ण इमारतों की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कपिल मिश्रा ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार वे स्वयं स्थिति का आकलन करने पहुंचे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह दुर्घटना मात्र एक हादसा नहीं बल्कि गंभीर आपराधिक लापरवाही का परिणाम है और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और दिल्ली पुलिस राहत कार्यों में पूरी सक्रियता से जुटे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घटना की गंभीरता से जांच की जाए और दोषी व्यक्तियों व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र अवैध रूप से निर्मित 6-7 मंजिला इमारतों से घिरा हुआ है, जो भविष्य में और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं। सीलमपुर, मुस्तफाबाद, जाफराबाद जैसे क्षेत्रों में अवैध निर्माण कार्यों की भरमार है, और यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी सभी इमारतों को चिह्नित कर तत्काल खाली कराया जाए, जिससे समय रहते जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना सरकारी अनुमति और वैध नक्शे के किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की अनुमति न दी जाए। मिश्रा ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्षेत्र की जर्जर और असुरक्षित इमारतों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि आगामी 2-3 दिनों में पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कर जोखिमपूर्ण इमारतों की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके अतिरिक्त मंत्री ने अवैध अतिक्रमण को हटाने का भी आश्वासन दिया और नागरिकों से अपील की कि वे सभी निर्माण कार्य नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही करें। इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के मुद्दे को उठा रहे हैं, और सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। दिल्ली सरकार इस दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ पूर्ण सहानुभूति रखती है और हर स्तर पर सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर मंत्री इंद्राज ने की समीक्षा बैठक

**निर्देश दिए**

**मंत्री ने योजना की प्रगति जानने के साथ ही पेंशन में नए नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी /एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में पेंशन योजना की प्रगति की जानकारी दी। समाज कल्याण मंत्री ने योजना की प्रगति जानने के साथ ही पेंशन में नए नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिए। ऐसी पेंशन, जो किसी वजह से लौट कर आई हैं, अन्य पेंशन जिन पर आवेदनों के जरिए आपत्तियां लगी हैं, उनके निस्तारण को लेकर भी बैठक में निर्देश दिए। बैठक में लाभार्थियों के थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन और सीएससी की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। समाज कल्याण मंत्री ने आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण और आवेदकों को चक्कर न लगाने पड़ें, इसके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाते आवश्यक दस्तावेजों से लिंक हों ताकि डीबीटी में कोई समस्या न आए। अधिकारी लगातार इसकी जानकारी जुटाएं और पेंशन लाभार्थियों से फीडबैक लें।

# पुलिस ने केजरीवाल के खिलाफ स्थिति रिपोर्ट की दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व विधायक और एमसीडी पार्षद के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। पुलिस ने कहा कि वे आरोपियों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने और समय मांगा। रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने कहा मित्तल ने स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर ले लिया और मामले को तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा है कि जांच के दौरान 3 अप्रैल को शिकायतकर्ता के कहने पर एक साइट प्लान तैयार किया गया था और उसे रिकॉर्ड में रखा गया है। इसके अलावा, आरोपियों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, रिपोर्ट में कहा गया है।



# दिल्ली के महापौर ने मुस्तफाबाद हादसे के बचाव अभियान का किया निरीक्षण

**आदेश जारी**

**खची ने मुस्तफाबाद का दौरा किया और इलाके में हुए हादसे के बचाव अभियान का निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर महेश कुमार खिची ने शनिवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद का दौरा किया और इलाके में हुए हादसे के बचाव अभियान का निरीक्षण करने के लिए दयालपुर पहुंचे। महापौर ने बाद में यह जानकारी साझा करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं उन लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिनकी इस हादसे में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के निगमायुक्त अश्वनी कुमार को घटना की जांच कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के लिए उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मणिपुर की महिला ने छत से कूदकर की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** क्षिण-पूर्वी दिल्ली की सनलाइट कॉलोनी में मणिपुर की एक महिला ने इमारत की छत से कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान मणिपुर के बिष्णुपुर की 20 वर्षीय प्रियलक्ष्मी देवी खंगेबम के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह महिला सनलाइट कॉलोनी में एक तीन मंजिला इमारत में पिछले साल अक्टूबर से एक रूममेट के साथ रह रही थी। शनिवार सुबह करीब 6.22 बजे उसकी मौत के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को कॉल मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां महिला का शव मिला। पुलिस के मुताबिक वह महिला और रूममेट नोएडा में एक बीपीओ कंपनी में काम करती थी।

मृतका की रूममेट ने प्रियलक्ष्मी के रोजगार और निवास के विवरण की पुष्टि की। इमारत की छत से लगे सीसीटीवी फुटेज में मृतका अकेले चलती और कूदती हुई दिखाई दे रही है, जो पहली नजर में आत्महत्या का मामला दर्शाता है।




# सीलमपुर हत्याकांड: लेडी डॉन जिकरा को कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**मास्टरमाइंड**

**गुरुवार रात 17 साल के कुणाल की हत्या की गई थी। इस हत्या की मास्टरमाइंड जिकरा है। पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सीलमपुर हत्याकांड मामले में गिरफ्तार लेडी डॉन जिकरा को पुलिस कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। गुरुवार रात 17 साल के कुणाल की हत्या की गई थी। इस हत्या की मास्टरमाइंड जिकरा है। पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया है। जे ब्लॉक में रहने वाले कुणाल की हत्या के बाद से इलाके में तनाव है। हत्यारों की गिरफ्तारी और फांसी देने की मांग करते हुए लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। स्थानीय लोगों ने अपने घरों के बाहर 'हिंदू पलायन कर रहे हैं और मकान बिकाऊ है' के पोस्टर लगाकर सरकार से इस मामले में मदद करने की गुहार लगाई है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुरूआती जांच में हत्या में साहिल और उसकी बहन जिकरा के शामिल होने की बात सामने आई । बताया जा है कि दोनों भाई-बहन मिलकर गैंग चलाते हैं। गैंग में 15 से ज्यादा लोग हैं। हाल ही में पुलिस ने जिकरा के घर से हथियार बरामद होने के बाद उसे शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। हाल ही में वह जेल से छूटी थी। वह खुद को लेडी डॉन कहलाना चाहती है। वह सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए अपने फोटो और वीडियो डालती है। उसने खुद के पुलिस हिरासत के दौरान के वीडियो को भी सोशल मीडिया पर डाला है।

**'जिकरा-साहिल ने हत्या की'**
कुणाल की मां ने आरोप लगाया कि जिकरा ने अपने भाई साहिल के साथ मिलकर उनके बेटे की हत्या की है। आरोप है कि जिकरा का उसके पड़ोसी युवक लाला से विवाद था। लाला अपने घर से फरार है। मां ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को दूसरे समाज से होने की वजह से मार दिया गया।

## कौन है दिल्ली की 'लेडी डॉन' जिकरा

उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुरूआती जांच में हत्या में साहिल और उसकी बहन जिकरा के शामिल होने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि दोनों भाई-बहन मिलकर गैंग चलाते हैं। गैंग में 15 से ज्यादा लोग हैं। हाल ही में पुलिस ने जिकरा के घर से हथियार बरामद होने के बाद उसे शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। हाल ही में वह जेल से छूटी थी। वह खुद को लेडी डॉन कहलाना चाहती है। वह सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए अपने फोटो और वीडियो डालती है। उसने खुद के पुलिस हिरासत के दौरान के वीडियो को भी सोशल मीडिया पर डाला है। कुणाल की मां ने आरोप लगाया कि जिकरा ने अपने भाई साहिल के साथ मिलकर उनके बेटे की हत्या की है।

# आर्य समाज देश की परंपरा और संस्कृति को जीवित रखने का कार्य कर रहा: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: गुजरात के राज्यपाल आचार्य** देवव्रत शनिवार को गन्नौर पहुंचे। यहां गांधी नगर स्थित आर्य समाज मंदिर के पुर्ननिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने देश की आजादी, नारी उत्थान, शिक्षा और समाज सुधार में अहम भूमिका निभाई है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने अंग्रेजी शासन में सबसे पहले ह्यस्वराजह्न का नारा दिया था। उनके विचारों से प्रेरित होकर भगत सिंह, सरदार पटेल, मदनलाल ढींगरा और स्वामी श्रद्धानंद जैसे वीरों ने देश के लिए बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी दयानंद ने समाज में फैले पाखंड, अंधविश्वास, जात-पात और सती प्रथा जैसी बुराइयों को खत्म किया। उन्होंने नारी शिक्षा, विधवा विवाह, भाईचारा, राष्ट्र प्रेम और गो-रक्षा को बढ़ावा दिया। इसलिए उन्हें समाज सुधार का अग्रदूत कहा जाता है। उन्होंने कहा कि




हरियाणा की पहचान खानपान, भाईचारे और संस्कृति से थी, लेकिन आज का युवा नशे की गिरफ्त में आ रहा है। इससे समाज में इज्जत और भाईचारा खत्म हो रहा है। आने वाली पीढ़ियों को नशे से बचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। राज्यपाल ने बताया कि आर्य समाज ने देशभर में एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत युवाओं को आर्य समाज के विचारों से जोड़ा जाएगा ताकि वे नशे से दूर रहें और अपनी संस्कृति को बचाएं। गर्मी की छुट्टियों में आर्य समाज बेटों और बेटियों के लिए शिविर लगाएगा। इनमें उन्हें देश की परंपरा, संस्कृति और आर्य समाज के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने खानपुर महिला गुरूकुल का उदाहरण दिया, जहां बेटियां पढ़-लिखकर देश के विकास में योगदान दे रही हैं। राज्यपाल ने लोगों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से जमीन बंजर हो रही है, पानी दूषित हो रहा है और मित्रजीव खत्म हो रहे हैं। यदि यह खेती नहीं छोड़ी गई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ नहीं बचेगा। आज हर घर में कैंसर, हार्ट अटैक, बीपी और शुगर के मरीज हैं। वैज्ञानिकों ने माँ के दूध में यूरिया पाया है। खानपान पूरी तरह दूषित हो चुका है। इससे मुक्ति का एकमात्र उपाय प्राकृतिक खेती है। इसमें खर्च कम, मुनाफा और उत्पादन अधिक है। उन्होंने आर्य समाज मंदिर को दो लाख रुपये देने की घोषणा की।

## पूर्व शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में खुड़ाना बास के ग्रामीणों ने केंद्रीय कानून मंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। भाजपा के** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने शनिवार को



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र के गांव खुड़ाना बास की पंचायत एवं लोगों भी मौजूद रहे। शर्मा के साथ गए प्रतिनिधिमंडल ने गांव खुड़ाना बास के राजस्व रिकॉर्ड से संबंधित समस्या, एवं ग्रामीणों की अन्य समस्या केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के सामने रखी जिस पर केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि वे कानून के तहत जो भी संभव हो सकेगा आपकी हर समस्या का हर हालत में समाधान किया जाएगा। इस मौके पर सूबेदार गुलाब साहब, सतबीर, ब्लॉक समिति के पूर्व सदस्य से दिनेश तंवर, मंजीत सिंह, नरेश ठेकेदार चितलांग सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम एरिया के विभिन्न गांवों एवं कालोनियों में विकास कार्यों की रखीं नींव

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। नगर निगम** एरिया के विभिन्न गावों एवं कालोनियों में लगभग 7 करोड रुपयों से विकास कार्यों की शुरूआत विधायक पवन खरखौदा, सोनीपत के विधायक निखिल मदान तथा मेयर राजीव जैन द्वारा नारियल फोड़कर की जिसमैं चार करोड़ की लागत से बनने वाले लहराड़ा ककरोई रोड बाईपास का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल है। शनिवार को सबसे पहले तीनों नेताओं ने लहराड़ा गांव में तीन किलोमीटर लम्बे मिनी बाईपास का कार्य शुरू करवाया जिसके कारण शहर विशेषकर सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में ट्रैफिक का दबाव कम हो जायेगा। इसके अतिरिक्त वार्ड 17 में आर्य नगर में एक करोड़ 40 लाख रुपयों से गलियों का पुनर्निर्माण, राठधना गावों में 78 लाख रुपए की लागत से पार्क का शिलान्यास तथा गांव जगदीशपुर में 96 लाख रुपए की लागत से बने पार्क का उद्घाटन किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी मेयर




राजीव सरोहा, पार्षद मोनिका नागर, नवीन तंवर, सूर्य दहिया भी उपस्थित रहे। इसके अलावा आर्य नगर में नई सीवर लाइन डालने के कारण कई माह से टूटी फूटी सड़कों की मरम्मत की जाएगी। गांव राठधना में एक सुंदर पार्क का निर्माण होगा जिसमे ग्रामवासी स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। इसी तरह गांव जगदीशपुर में पार्क का उद्घाटन किया गया। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि विकास कार्य अब तेजी से शुरू हो गए हैं। मैं पांच वर्षों में खरखौदा की बोद सी निकाल दूंगा। विधायक निखिल मदान ने कहा कि शहर की समस्याओं को एक-एक करके हल किया जायेगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए कोई भी वार्ड विकास से अछूता नहीं रहेगा।

कार्यक्रमों में ब्रह्मप्रकाश राठी, मुकेश एंडी, महेंद्र राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा, ओम कंवार, रामू, पवन गुप्ता, कृष्ण, कर्मवीर, प्रेम नैन, राजेंद्र कुंडू, सुरेश, सुनील, अनिल ग्रोवर, वेद कालूपुर, प्रदीप सरोहा, नरेंद्र पांचाल, प्रीतम, नरेश, रामकिशन सरोहा, सुदामा, परवीन, अनिल, प्रदीप (भोला), दलबीर आदि आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**ठगी**

**इमिग्रेशन सॉल्यूशन के नाम से काम करने वाले व्यक्ति और एक महिला युवक को अपनी बातों में फंसाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में एक छात्र** को ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के लिए भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की गई। चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित एक इमिग्रेशन कंपनी इमिग्रेशन सॉल्यूशन के नाम से काम करने वाले व्यक्ति और एक महिला युवक को अपनी बातों में फंसाया। छात्र को विदेश भेजने का दावा करते हुए इन्होंने कागजों के नाम पर दस्तावेज लिए और धीरे-धीरे कर करीब 10 लाख रुपए से अधिक की रकम हड़प ली। जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। गांव गोंदर निवासी शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसका बेटा प्रशांत बीए फाइनल का छात्र है और उसे विदेश भेजने की प्लानिंग थी। नवंबर 2022 में उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित इमिग्रेशन सॉल्यूशन कार्यालय जाकर विकास शर्मा और वान्या सिंह से मुलाकात की। इन दोनों ने खुद को विदेशी शिक्षा में विशेषज्ञ बताते हुए कहा कि अगर किसी कारण वीजा न लगेए तो सारी फीस वापस कर दी जाती है। इसी भरोसे उन्होंने बेटे के डॉक्यूमेंट्स उन्हें सौंप दिए और 15 हजार रुपए एंट्री फीस के तौर पर ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।पीड़ित के अनुसारए कुछ दिन बाद इमिग्रेशन एजेंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के कॉलेज का फर्जी ऑफर लेटर दिखाकर 7 लाख 9 हजार 290 रुपए की मांग की, जो पीड़ित ने 7 दिसंबर 2022 को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने जीटीई क्लीयरेंस के लिए 57 हजार 400 रुपए और मार्च 2023 में बेटे का मेडिकल करवाकर 36 हजार रुपए और एंबेसी फीस भी कटवा दी।

पीड़ित ने बताया कि सारी प्रक्रिया पूरी करवाने के बाद 4 महीने तक आरोपियों ने कोई जवाब नहीं दिया। बाद में उन्होंने बताया कि प्रशांत का रिफ्यूजल आ गया है, जबकि वो रिजैक्शन 4 महीने पहले ही आ चुका था।

जब प्रदीप ने पैसे लौटाने की मांग की तो उन्हें कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया के कॉलेज से जब पैसे आएंगे, तभी लौटाएंगे। शिकायत के मुताबिक कई बार दबाव देने पर 6 अक्टूबर 2023 को प्रदीप को एक चेक दिया गयाए जो 17 जनवरी 2024 को बाउंस हो गया। फिर दूसरा चेक 22 फरवरी 2024 को दिया गया, वह भी 20 फरवरी को बाउंस हो गया। बाद में आरोपी के खाते से 29 फरवरी 2024 को 2 लाख 62 हजार 77 रुपए और 19 मार्च 2024 को 1 लाख 50 हजार रुपए आरटीजीएस के माध्यम से प्रदीप के खाते में भेजे गए।

# महिला घर से अचानक लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। क्षेत्र के एक गांव** से एक महिला अज्ञात कारणों के चलते घर से कहीं चली गई। पति जब खेत से घर वापस लौटा, तब उसने देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सदर थाना के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में दी शिकायत बताया कि वह जमीदार का काम करता है। उसकी शादी 2013 में हुई थी। 17 अप्रैल को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। वह खेत पर काम करने के लिए चला गया था। वही उसके बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए गए हुए थे। जब वह खेत पर कार्य कर वापस घर लौटा, तब उसने देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। उसने काफी देर इंतजार करने के बाद। अपनी पत्नी को इधर-उधर अड़ोस-पड़ोस व रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की, लेकिन उसकी पत्नी का कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

# राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अक्षय तृतीया जैसे पारंपरिक पर्व के दिन किसी भी बच्चे का बाल विवाह न हो। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह की बुराइयों पर अपने विचार साझा किए और यह संकल्प लिया कि वे समाज में जागरूकता फैलाएंगे तथा अपने परिवारजनों एवं रिश्तेदारों को भी बाल विवाह न करने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि यह एक सामाजिक अपराध भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. पविता यादव, डॉ. सोमवीर तथा डॉ. रेनू यादव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बाल विवाह की सामाजिक, शैक्षिक एवं मानसिक हानियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इससे बचने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा साहेब की प्रतिमा को अपमानित करने वाले आरोपी जल्द करें गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गुरु रविदास सेवा** समिति के पूर्व प्रधान संदीप महायच ने हिसार के नंगथला गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अपमानित करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी समाज के जितने भी महापुरुषों के संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लग सके और प्रशासन इस प्रकार की घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से ले, तत्काल प्रभाव से गांव में शांति व्यवस्था बहाल की जाए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हमारे संविधान और सामाजिक न्याय की प्रतीक हैं। इस घटना के समाज के अन्य बुद्धिजीवों ने भी विरोध किया हैं। मास्टर सतबीर जोनावास, मुकेश प्लंबर, रविदास सेवा समिति प्रधान महावीर प्रसाद, भगवान सिंह मेघनवास, काशीराम व अन्य लोगों ने भी अपना विरोध जताया हैं।

### एलआईसी गेस्ट हाउस में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के माल रोड** स्थित एलआईसी के गेस्ट हाउस में बीती देर रात अचानक आग लग गई। आग लगते ही वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। गेस्ट हाउस में निर्माण कार्य चल रहा था। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछारों से आग पर नियंत्रण पाया। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने के दौरान गेस्ट हाउस में रखी इन्वर्टर बैटरी में भी फट गई, जिससे तेज आवाज सुनाई दी। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन बैट्री फटने से नुकसान जरूर हुआ। मौके पर मौजूद अभिषेक नाम के युवक ने बताया कि बीती देर रात अचानक आंधी चलनी शुरू हुई थी। उसी दौरान गेस्ट हाउस में अचानक आग लग गई। निर्माण कार्य की वजह से गेस्ट हाउस में कई सामान बिखरा पड़ा था, जिससे आग को फैलने का खतरा था। समय रहते फायर ब्रिगेड पहुंच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। डायल-112 ईआरवी टीम के इंचार्ज एएसआई जसवंत ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। आग लगने की सूचना सही पाई गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने पहले रेत से आग बुझाने की कोशिश की, बाद में फायर ब्रिगेड ने पूरी तरह काबू पाया। अब स्थिति नियंत्रण में है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### हर व्यक्ति को स्वयं का डॉक्टर होना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के नेतृत्व में संचालित योग कक्षा अटल पार्क सेक्टर 9 में मिशन संचालक दिनेश गुलाटी ने योग के साथ-साथ शरीर की शुद्धिकरण के लिए विशेष क्रिया कराई। उन्होंने बताया कि शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग कक्षा में नीम और करेला थेरेपी कराई गई। मेडी मंच टीम के साथ के सदस्य डॉक्टर केवल कृष्ण, संदीप, रोबिन और समालखा से आचार्य अनुपम ने यह विशेष क्रिया योग साधकों को कार्रवाई। उन्होंने कहा कि आज आयुर्वेद और नेचुरोपैथी का ज्ञान हर व्यक्ति को होना आवश्यक है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वयं का डॉक्टर होना चाहिए और अपने शरीर के रोग को पहचान कर उसी के अनुसार आहार, विहार करें। हमारा शरीर किसी बीमारी के होने पर स्वयं ही संकेत देता है।

# शहर के चार पार्कों के विकास व सुंदरीकरण पर खर्च होंगे 10 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नगरपालिका ने शहर** में तीन नए पार्क को विकसित करने और एक पार्क के सुंदरीकरण पर 10 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। योजना के तहत हुड्डा पार्क के सुंदरीकरण का काम भी पूरा होगा और शहरवासियों को चार पार्क मिल सकेंगे। इसके अलावा देवीलाल पार्क, शिव पार्क मोदाश्रम, बुचियावाली गोशाला पार्कों को विकसित करने से शहरवासियों को तीन और नए पार्क मिल सकेंगे। नगर प्रशासन के अनुसार आगामी छह माह में इन सभी पार्कों को विकसित करने के साथ-साथ शहर के एक मात्र हुड्डा पार्क के सुंदरीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। इस समय शहर में एकमात्र हुड्डा पार्क ही लोगों के घूमने का सहारा है। इसके अलावा शहर में कोई भी पार्क नहीं है। नगरपालिका की ओर से इन पार्कों को विकसित एवं सुंदरीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसमें चौधरी देवीलाल पार्क को विकसित करने के लिए पांच करोड़, मोदाश्रम के शिव पार्क व बुचियावाली गोशाला के पार्क को विकसित करने पर तीन करोड़ और हुड्डा पार्क के सुंदरीकरण के लिए करीब दो करोड़ रुपये का बजट तय किया है। हुड्डा पार्क की टूटी दीवारों से लेकर रंगीन लाइटें लगाने व टूटे झूलों व खराब पड़े फव्वारों की मरम्मत कराई जा सकेगी। मार्च 2022 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री ने किया था शिलान्यास 30 मार्च 2022 को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चौधरी देवीलाल की आदमकद मूर्ति लगाकर पार्क का शिलान्यास कर इसे छह माह के समय में विकसित करने का दावा किया था लेकिन यह पार्क विकसित नहीं हो पाया। जगह-जगह से इसकी अस्थायी दीवार भी टूट चुकी है। शहर के बीचोंबीच प्राचीन किले के पीछे यह पार्क विकसित होने से शहर के बीचोंबीच ही दो पार्क मिल सकेंगे।

# स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कुंजपुरा अनाज मंडी का किया दौरा

## मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। विधानसभा अध्यक्ष** एवं घरौंड़ा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को कुंजपुरा अनाज मंडी का दौरा कर गेंहू खरीद कार्य का निरीक्षण किया तथा फसल खरीद को लेकर मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी फसल खरीद सीजन में तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न आए और तय समय पर उनके खाते में पेमेंट का भुगतान हो। उन्होंने अपने दौरे के दौरान मंडी के गेट पर किसानों के गेट पास की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गेट पास काटे जाने के दौरान किसी तरह की कोताही न बरती जाए। इसके बाद उन्होंने गेहूं की ढ़ेरियों पर पहुंचकर



फसल खरीद का जायजा लिया और गेहूं की नमी चैक करवाई व गेहूं तुलाई को भी जांचा। उन्होंने मंडी अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी परिसर में साफ सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई प्रतिदिन सुचारू रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी गेहूं खरीदा जाए उसे तय समय सीमा के अंदर मंडी से उठाया जाए, फसल के उठान के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रांसपोर्टेशन भी होना चाहिए और फसल के उठान और उतरवाने के लिए पर्याप्त संख्या में श्रमिक भी होने चाहिए। उन्होंने इस दौरान मार्केट कमेटी द्वारा की गई तैयारियों की भी समीक्षा की और खरीद एजेंसियों व आढ़तियों से भी बातचीत की तथा कहा कि बारदाने व फसल तुलाई संबंधी कोई समस्या न आए।

उन्होंने इस दौरान किसानों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि फसल खरीद कार्य में उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी उपज की खरीद समय पर और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के अलावा गेहूं का भुगतान भी समय पर करेगी। उन्होंने कहा लिए सफाई, तुलाई, उठान, बारदाना और भुगतान प्रणाली जैसी सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी कर दी गई हैं। इस मौके पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## समिति ने शिक्षा मंत्री के पीए को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जल्द ट्रांसफर** की मांग को लेकर शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति हरियाणा राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से उनके आवास पानीपत में मास डेप्यूटशन के रूप में मिलने के लिए पहुँची। शिक्षा मंत्री को किसी आवश्यक कार्य के कहीं बाहर जाना पड़ गया।

# बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड (खोजी कुत्ता) से कराई चौकिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । थाना शहर महेंद्रगढ़** की टीम ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ महेंद्रगढ़ बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन परिसर में डॉग स्क्वायड द्वारा सभी जगहों को चेक किया गया। इस दौरान बसों, सामानों को भी चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशाझ्रनिदेर्शानुसार सुरक्षा की दृष्टि से टीमों द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया। टीम द्वारा सघनता से चैकिंग की गई, इस दौरान कोई भी संदिग्ध पदार्थ नहीं मिला। यात्रियों के सामान की भी जांच की



गई। जिससे जिला महेंद्रगढ़ में नशा बेचने/तस्करी करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जा सके।

थाना शहर महेंद्रगढ़ प्रबंधक एसआई सज्जन ने बताया कि डॉग स्क्वायड की टीम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से यह चैकिंग अभियान चलाया गया। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस फोर्स और डॉग स्क्वायड टीम द्वारा चैकिंग की गई, जिससे किसी भी तरह को कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति यहां पर ना आए।

# धूमधाम से मनाई जाएगी संत शिरोमणि धन्ना भगत जी की जयंती : योगेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जींद जिले के उचाना** में 20 अप्रैल को संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने प्रदेशवासियों को निमंत्रण देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा यह आयोजन संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत किया जा रहा है। उन्होंने धन्ना भगत जी के बारे बताया कि धन्ना भगत जन्म 1415 ई में हुआ था। संत धन्ना भक्त एक रहस्यवादी कवि और एक वैष्णव भक्त थे, जिनके तीन भजन आदि ग्रंथ में मौजूद हैं। वह एक कृष्ण भक्त थे। उनका जन्म राजस्थान के टोंक जिले में तहसील दूनी के पास धुवा गाँव में हिन्दू धालीवाल जाट परिवार में हुआ था। आज इनके स्थान पर इनका मंदिर और गुरूद्वारा बना हुआ है। हिन्दू व सिख धर्म के लोगों मे इनकी गहरी आस्था है। इनके मंदिर से कुछ ही दूरी पर अरावली की पहाडि?ा है, जहां धन्ना भगत जी जिस गुफा में तपस्या करते थे वहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थित है जिसे धुंधलेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि सिख धर्म के ग्रंथों मे भी धन्ना भगत का उल्लेख है।

# मानसून से पहले सभी नाले होंगे चकाचक, प्रधान बोले एस्टीमेट बनाकर लगाए जाएंगे टेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नगर पालिका** प्रधान रमेश सैनी ने दावा किया है कि मानसून की बारिश आने से पहले शहर के सभी नाले, नालियां व सीवरेज चकाचक होंगे। बहुत जल्द एस्टीमेट बनाकर टेंडर लगाए जाएंगे। शहर के लोगों का कहना है कि नगर पालिका सुस्त है। शहर के अधिकतर गली, मोहल्ले व मेन गंदे नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। नालों के ऊपर अधिकतर ढक्कन टूटे हुए हैं। आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है। शहरवासी किशोरी लाल यादव, पवन कुमार ने बताया कि माता मसानी रोड के पास नगर पालिका के द्वारा शहर के गंदे पानी निकासी के लिए जो नाला बनाया गया है। वह गंदगी से अटा पड़ा है, जब से इस नाले का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक इसकी सफाई नहीं हुई है। इसी के साथ लगते बुचोली रोड की तरफ जो नाला बनाया गया है वह भी अधिकतर जगह से जाम पड़ा हुआ है। पता नहीं नगर पालिका इसकी कब शुद्ध लेगी। नगर पालिका से मांग है कि मानसून आने वाली है। अगर समय पर इसकी सफाई नहीं होती है तो सड़कों पर गंदा पानी भर आएगा इस लोगों को परेशानी होगी। पतराम यादव, राम सिंह शर्मा ने बताया कि शहर के अधिक स्थानों पर नगर पालिका के उदासीनता के चलते गंदे नाले, नालियां गंदगी से भरे पड़े हैं। जिससे काफी संख्या में मच्छर पनप रहे हैं जिससे कोई बीमारी भी फैल सकती हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास बने नाले पर अधिकांश जगह ढक्कन टूटे हुए हैं जिससे काफी बार यहां हादसा भी हो चुका है। लोगों का कहना है कि इससे मच्छर पनपते हैं और हादसों का भी कारण बन सकते हैं। धोलपोश आश्रम के पास बने नाले भी गंदगी से लबालब भरे रहते हैं। उनकी नगरपालिका प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द उनकी सफाई करवाई जाए।

## संपादकीय

# डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए- नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

**वर्तमान** में उच्च शिक्षा प्रणाली उद्योग की तेजी से बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाती, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश स्नातक रोजगार के लिए अयोग्य माने जाते हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार योग्य हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में भी यह आंकड़ा बहुत कम है। विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से उद्योग के विशेषज्ञों से समीक्षा कराना चाहिए, ताकि छात्रों को भविष्य की नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा, शिक्षा में मानवीय मूल्यों, सॉफ्ट स्किल्स और सामाजिक उत्तरदायित्व के पहलुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को न केवल पेशेवर, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा सके। विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अधिक समन्वय से भारत को एक अधिक सक्षम, समावेशी और प्रतिस्पर्धी कार्यबल मिल सकता है जो देश को 2047 तक एक विकासशील राष्ट्र बनने में मदद करेगा। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करें। परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट- 2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25% इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली जो व्यावहारिक दुनिया की जरूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की जरूरतों से मेल नहीं खाता। आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में जरूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है।
उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है, जो कि एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य, मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की जरूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वह न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं।

# अब ब्लॉकचेन वोटिंग सिस्टम की सुगबुगाहट

**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

> “परिणाम स्वरूप आम आदमी तो बार-बार के चुनावों से तंग तो आया ही, चुनावी आचार संहिता के बने रहने से विकास कार्य भी प्रभावित बने रहते हैं । आम आदमी के साथ-साथ विकास की गति को इस मुसीबत से छुटकारा दिलाने के लिए ही देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। यदि यह चुनाव प्रणाली देश में लागू होती है तो फिर आम आदमी को विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु बार-बार मतदान केंद्रों पर नहीं भटकना पड़ेगा। इससे मतदाताओं के अंतर्मन में गहरे तक पैठ चुकी ऊब से छुटकारा मिलेगा तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकेगा। इसी के साथ विकास कार्य भी निरंतरता के साथ संपादित किये जा सकेंगे। इसका मतलब यह हुआ कि भारत की वर्तमान चुनाव प्रणाली बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है”

वैश्विक स्तर पर स्थापित सत्य है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। एक ऐसा देश जहां लगभग डेढ़ अरब लोग निवास करते हैं। जनसंख्या के लिहाज से यह इतना बड़ा आंकड़ा है कि भारत का एक-एक शहर अपने भीतर एक से अधिक राष्ट्र समाहित कर लेने की हद तक फैला हुआ है। फिर भी हमारे देश के नागरिक बेहद आधुनिक चुनाव पद्धति के माध्यम से ग्रामीण, शहरी, जनपदीय, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भली भांति हर प्रकार की सरकारों का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से कर रहे हैं। आज जब स्वयं को विकासशील और विकसित कहने वाले अनेक राष्ट्र मतपत्र आधारित चुनाव प्रणाली में ही उलझे हुए हैं,तब हमारा भारत देश अत्याधुनिक चुनाव प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तक का सफर तय कर चुका है। एक जमाना ऐसा था जब हमारे यहां भी मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया व्यवहार में लाई जाती थी। लेकिन इस देश ने और देश के चुनाव आयोग ने मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए अनेक प्रतिकूल, बेहद खतरनाक परिणाम भी देखे। कई दशकों तक येन केन प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने अथवा सत्ता पर काबिज होने के लिए मतदान प्रणाली की सात्विकता का हरण किया जाता रहा। जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर अनेक अवसरवादी, सत्ता लोलुप और नैतिकता से लगभग नाता तोड़ चुके घाघ राजनेता बूथ कैप्चरिंग करते रहे। नकली मत पेटियों से असली मत पेटियां बदली जाती रहीं। चुनावी टीम को एक प्रकार से अपहृत करते हुए मनपसंद उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह पर यंत्रवत ठप्पे लगाए जाते रहे। इस पाप पूर्ण कृत्य का विरोध करने पर जागरूक मतदाताओं, चुनाव कराने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जाता रहा। फल स्वरुप एक समय ऐसा भी आया जब गांव की पंचायत से लेकर देश की लोकसभा तक, विभिन्न सदनों में, बाहुबल के बल पर जीत कर आए, आपराधिक पृष्ठभूमि के जनप्रतिनिधियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई। जब देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न चुनाव रक्त रंजित होने लगे, तब देश के प्रबुद्ध वर्ग को चिंता हुई?। यह विमर्श किए जाने लगे कि ऐसा क्या किया जाए, जिससे चुनाव में रक्तपात ना हो। निर्वाचित होकर भी वही लोग सदन में



पहुंचे मतदाता जिन्हें स्वेच्छा से चुनना चाहते हों। तब देश के सामने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विकल्प सामने आया। तमाम अध्ययनों के बाद, कोई खामी शेष न रह जाए यह सुनिश्चित करने के बाद, अपराधी किस्म के नेता बूथ कैप्चरिंग ना कर पाएं यह संतुष्टि करने के बाद, अंततः देश ने ईवीएम यानि कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को अपना लिया। इस प्रकार वर्ष 1982 में केरल राज्य के उत्तरी पारावुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पहली बार ईवीएम आधारित चुनाव प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। यह चुनाव उम्मीद से कहीं आगे जाकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के परिणाम भी पारंपरिक मत पत्रों पर आधारित चुनाव प्रणाली की अपेक्षा बहुत जल्दी प्राप्त हो गए। अपवाद स्वरूप प्राप्त बेहद सीमित आपत्तियों के अलावा कोई उल्लेखनीय खामी सामने नहीं आई, जिसके चलते इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया। बाद में जब विधानसभाओं और लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग शुरू हुआ तो इसकी पारदर्शिता और सात्विकता पर अनेक उंगलियां उठीं। फल स्वरुप देश के चुनाव आयोग ने राज्यसभा, लोकसभा, विभिन्न प्रांतो की विधानसभाओं के अलावा कलेक्टरेटों में, और जहां तक संभव हो सकता था वहां तक इन मशीनों का प्रदर्शन किया। सभी स्तर के आम और खास लोगों को इसकी प्रक्रिया बताई व दिखाई गई। साथ में शिकायतें सुझाव एवं आपत्तियां मंगाई गईं। हर एक शिकायत, आपत्ति और सुझाव पर बारीकी से विचार विमर्श हुआ। जो सुझाव उचित लगे उन्हें व्यवहार में लाया गया। जिन शिकायतों अथवा आपत्तियों में तार्किकता दिखाई दी, उन्हें पूरी ईमानदारी से निराकृत किया गया। जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सात्विकता, उनकी पारदर्शिता को लेकर व्यापक स्तर पर संतुष्टि काबिज हो गई, तब कहीं जाकर इस चुनाव प्रणाली को वृहद स्तर पर व्यवहार में लाया गया। यह बात और है कि चुनाव में मुंह की खाने वाले राजनेता और राजनीतिक दल, जीतने वाले सत्ताधारी दल पर और चुनाव आयोग पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में धांधलियां करने के आरोप मढ़ते रहे। लेकिन वह लोग कभी भी कोई तार्किक तथ्य सामने ना रख सके, जिससे उनके आरोपों को सही न माना गया।
वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली भली भांति चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर रही है। सब कुछ ठीक-ठाक होने के बावजूद केवल चुनाव आयोग ही नहीं, अपितु देश इस बात को लेकर चिंतित है कि हमारे यहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत अभी कम ही बना हुआ है। इस समस्या को लेकर जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनके मुताबिक देश के नागरिक बार-बार के चुनावों से तंग आ चुके हैं। बात सही भी है, कोई साल और महीना ऐसा नहीं बीतता जब देश के किसी प्रांत, जिले, नगर, जनपद अथवा गांव में चुनाव संपन्न ना होता हो। परिणाम स्वरूप आम आदमी तो बार-बार के चुनावों से तंग तो आया ही, चुनावी आचार संहिता के बने रहने से विकास कार्य भी प्रभावित बने रहते हैं । आम आदमी के साथ-साथ विकास की गति को इस मुसीबत से छुटकारा दिलाने के लिए ही देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। यदि यह चुनाव प्रणाली देश में लागू होती है तो फिर आम आदमी को विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु बार-बार मतदान केंद्रों पर नहीं भटकना पड़ेगा। इससे मतदाताओं के अंतर्मन में गहरे तक पैठ चुकी ऊब से छुटकारा मिलेगा तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकेगा। इसी के साथ विकास कार्य भी निरंतरता के साथ संपादित किये जा सकेंगे। इसका मतलब यह हुआ कि भारत की वर्तमान चुनाव प्रणाली बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उसकी पारदर्शिता और सात्विकता वैश्विक स्तर पर प्रामाणिकता प्राप्त कर चुकी है। ऐसे में यदि एक और नई चुनाव प्रणाली की बात की जाए तो फिर सवाल यह खड़ा होता है कि जब सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है तो फिर एक और नया प्रयोग क्यों? इसका जवाब कुछ यूं हो सकता है कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, यह सोचकर हाथ पर हाथ रखकर बैठते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए - अभी भी चुनाव कराने के लिए लाखों पोलिंग बूथ, करोड़ों चुनाव अधिकारी - कर्मचारी, सुरक्षा बलों की व्यापक स्तर पर तैनाती, भारी पैमाने पर आर्थिक खर्चे तथा आम आदमी की मतदान केंद्रों तक आवाजाही, वह समस्याएं हैं जिनका हल हमें आज ही ढूंढना होगा। क्योंकि जैसे-जैसे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, व्यवस्थाएं, नियुक्तियां और खर्च भी उसी अनुपात में बढ़ते चले जाने हैं। इन सभी के निराकरण स्वरूप दिमाग में एक संभावित चुनाव प्रणाली का ध्यान आता है, जिसका नाम है ब्लॉकचेन आधारित वोटिंग सिस्टम। यदि इस प्रणाली पर व्यापक वार्ता, बहस, विमर्श आदि हों तो परिणाम स्वरूप प्राप्त होने वाले सारगर्भित नतीजों से भारतीय लोकतंत्र के लिए नई संभावनाओं को तराशा जा सकता है। लेकिन इसके लिए, पहले हमें यह समझना होगा कि आखिर ब्लॉकचेन आधारित वोटिंग सिस्टम काम कैसे करेगा।
इसका सबसे पहले चरण होगा मतदाता का पंजीयन। यह आधार कार्ड या किसी डिजिटल आईडी का उपयोग करके चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। दूसरे क्रम पर आती है मतदान प्रक्रिया।

## कविता

### झूले

हमारे घर के सामने वाले अहाते में नीम का बहुत बड़ा पेड़ था। दोपहर के समय आस-पास की गृहणियां अपने रोजमर्रा के काम से फुर्सत पा आपस में गपशप करतीं। समय का सदुपयोग करते हुए वे अपनी गप्पों के साथ ही सिलाई-बुनाई और अचार-पापड़ बनाने जैसे काम भी कर लेतीं थी। उन दिनों छोटे बच्चे अपनी ही दुनिया में मौज मस्ती करते।
इस नीम के पेड़ की शाखाएं ऐसी थीं कि एक ही समय में दो झूले डाल सकते थे। एक झूला छोटी लड़कियों के लिए तो दूसरा बड़ी लड़कियों के लिए। बड़ी लड़कियां तो झट से ऊपर जाकर झूला बांध कर उसी रस्सी के सहारे सरकती हुई नीचे आ जातीं। यहां तक कि कई छोटी लड़कियां भी बिना डरे यह काम कर लेतीं। एक मैं ही थी कि इनकी करामात को हैरान होकर देखती रहती। खैर धीरे धीरे मैं भी छोटी शाखा पर झूला डालने की अभ्यस्त हो गयी। अब मेरा भी मन करता था कि मैं भी बंदरों की तरह उछलती कूदती ऊपर वाली शाखा पर झूला डाल वैसे ही निर्भीक हो रस्सी के सहारे नीचे सरक आऊं और दिखा दूं सबको कि मैं भी किसी से कम नहीं। एक दिन यह दुस्साहस भी मैंने कर ही लिया। ऊपर तो जैसे तैसे चढ़ ही गयी पर रस्सी के सहारे नीचे उतरना भी बड़ा ही कठिन था। रस्सी का कभी एक किनारा नीचे सरक जाता तो कभी दूसरा। डर के मारे हाथ पैर अलग कांप रहे थे।

# कोई पानी डाल दे तो मैं भी चौंच भर पीलूं

**प्रियंका सौरभ**

**गर्मी** अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है – खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की, जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। "कोई पानी डाल दे तो मैं भी चौंच भर पीलूं..." – यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है, एक निरीह पुकार, जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है।

**शहरों ने छीन ली परिंदों की छांव**

हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया।
आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए।
पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था।
**प्यास से मरते परिंदेः** आँकड़े नहीं, चेतावनी हैं कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं, और यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं?
क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है? क्या इनका कोई "एनजीओ सम्मेलन" बुलाया जाता है?

**पक्षी नहीं बचेंगे, तो हम भी नहीं बचेंगे**

परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं, और सबसे जरूरी – वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए, तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी – और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं, तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है।

**"बर्ड फ्रेंडली" नहीं, "लाइफ फ्रेंडली" बनिए**

आज जरूरत इस बात की है कि हम बर्ड फ्रेंडली समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीजें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं – दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें।

## विचार

# महाराष्ट्र को तमिलनाडु मत बनाओ राज !

**राकेश अचल**

**भाषाई** विवाद से दक्षिण अभी तक मुक्त नहीं हुआ है और एक बार फिर महाराष्ट्र भाषाई विवाद में उलझता दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाये जाने का फैसला किया तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे इसके विरोध में आ गए। अब एकनाथ शिंदे गुट ने उन पर निशाना साधा है। जाहिर है कि महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है सो उसका हिंदी के खिलाफ जाना नामुमकिन है।
भारत में भाषा को लेकर विवाद नया नहीं है। आजादी के 77 साल बाद भी ये विवाद न सिर्फ जिंदा है बल्कि लगातार जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तीन भाषाओं को पढ़ाने का प्रावधान आने के बाद, दक्षिण में केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच हिंदी-तमिल विवाद ने और जोर पकड़ा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी को मातृभाषाओं का ह्यहत्याराह्ल तक कह डाला। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी थोपकर भाषाई अस्मिता को कमजोर कर रही है। डीएमके नेता कनिमोझी ने भी इस मुद्दे पर कहा कि उनकी आपत्ति हिंदी को थोपे जाने से है, न कि भाषा को लेकर।
सवाल ये है कि क्या किसी एक देश की एक भाषा होना चाहिए या नहीं ? सवाल ये भी है की क्या अहिन्दी भाषी राज्य एक स्वतंत्र राष्ट्र हैं जो वे अपनी मातृभाषा को ही अपनी राजभाषा बनाये रखना चाहते हैं। सवाल ये भी है कि क्या नई शिक्षा नीति में सचमुच हिंदी अहिन्दी भाषियों पर थोपी जा रही है ? हर भाषा- भाषी को अपनी मातृभाषा पर गर्व होता है ,होना भी चाहिए किन्तु क्या केवल क्षेत्रीय भाषाओँ के बूते कोई एक राष्ट्रआगे बढ़ सकता है ? इन सवालों का जबाब खोजने के बजाय दक्षिण के राज्य हिंदी के अंध विरोध में संघर्षरत हैं। हिंदी के विरोध से किसी को क्या नफा-नुक्सान होता है इसके बारे में कोई कुछ नहीं बोलता। महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले का महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने विरोध किया है। ठाकरे ने एक बयान में कहा है कि मैं स्पष्ट शब्दों में कहता हूं कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस अनिवार्यता को बर्दाश्त नहीं करेगी। राज ठाकरे ने इसमें लिखा है 'हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं! अगर आप महाराष्ट्र को हिंदी के रंग में रंगने की कोशिश करेंगे, तो महाराष्ट्र में संघर्ष होना तय है।' ठाकरे ने लिखा है अगर आप यह सब देखेंगे, तो आपको लगेगा कि सरकार जानबूझकर यह संघर्ष पैदा कर रही है। क्या यह सब आने वाले चुनावों में मराठी और गैर-मराठी के बीच संघर्ष पैदा करने और उसका फायदा उठाने की कोशिश है?
राज ठाकरे महाराष्ट्र के स्टालिन नहीं हैं हालाँकि उनका अपना रूतबा है ,अपनी ताकत है। वे स्टालिन की तर्ज पर हिंदी का विरोध कर महाराष्ट्र का और मराठी भाषा का भला शायद नहीं कर पाएंगे। क्योंकि महाराष्ट्र देश की आर्थिक राजधानी है और वहां पूरा देश ही नहीं बल्कि दुनिया एकाकार होती है। महाराष्ट्र में रहने वालों को जितनी मराठी की जरूरत है उतनी ही हिंदी की भी। मैं राज ठाकरे का निजी तौर पर प्रशसंक हूँ किन्तु उन्हें मश्विरा देना चाहूंगा कि वे हिंदी का विरोध छोड़ दें। हिंदी न तो मुगलों की भाषा है और न अंग्रेजों की । हिंदी न तमिल के खिलाफ है और न मराठी के खिलाफ। भाषाओं का वजूद उनके इस्तेमाल से बनता-बिगड़ता है। कोई भाषा किसी भाषा का नुक्सान तब तक नहीं कर सकती जब तक की उसके बोलने वाले ऐसा न चाहें। दुनिया में भारत की तरह बहुत से देश बहु भाषा भाषी हैं। दुनिया के बहु भाषाभाषी देश ऐसे हैं जो बहुभाषाभाषी होते हुए भी एक राष्ट्रीय भाषा के पक्षधर हैं । हमारे पड़ौस चीन में 306 भाषाएँ हैं और हमारे यहां 453 भाषाएँ लेकिन क्या हम भाषाओं की वजह से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन पाए ? बहरहाल भाषा किसी कोहिंदू,मुसलमान,सिख या ईसाई नहीं बनाती। आप हिंदी बोलकर मराठी होने का गौरव नहीं खो देते।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सरकारी तंत्रः बंदा परेशान

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

सरकारी दफ्तरों का हाल किसी शादी में बिन बुलाए बाराती जैसा होता है। मतलब, हर कोई मौजूद तो रहता है, पर काम करने को तैयार कोई नहीं। रामलाल, जो पिछले तीन महीनों से अपनी जमीन के पट्टे के लिए सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहा था, आज फिर उम्मीद का दीया जलाए वहाँ पहुँचा। पर यह दीया हर बार की तरह सरकारी कागजी आंधियों में बुझ गया। चपरासी ने उसे दूर से ही देखकर इशारा किया–अभी साहब चाय पी रहे हैं, और फिर फाइलों में व्यस्त हो जाएँगे। रामलाल समझ गया, यह ह्यफाइलों में व्यस्तह्ल होने का मतलब ताश के पत्तों की गड्डी में उलझना है।
सरकारी तंत्र में ताश और फाइल, दोनों में एक ही फर्क होता है–ताश में पत्ते बदलते हैं, फाइल में तारीखें। साहब के कमरे में घुसने की हिम्मत करना किसी योद्धा के महल में घुसने जितना कठिन होता है। बड़ी मुश्किल से अंदर जाने का परमिट मिला। साहब ने ऐसे देखा जैसे किसी अपराधी को पहचानने की कोशिश कर रहे हों। हाँ भई, क्या चाहिए? रामलाल ने पूरी विनम्रता के साथ कहा, साहब, वो मेरी जमीन का पट्टी इससे पहले कि वह अपनी पूरी बात कह पाता, साहब बोले, फाइल नंबर? अब भला गरीब रामलाल को फाइल नंबर कहाँ से याद रहता? वह फाइल नंबर खोजने लगा, जैसे कोई छात्र परीक्षा के एक दिन पहले किताब ढूँढता है। साहब, नाम से देख लीजिए। यह सुनते ही साहब की त्यौरियाँ चढ़ गईं, क्या समझते हो, हमारा काम नाम से फाइल ढूँढना है? यह कोई पान की दुकान है जहाँ नाम लेकर चीजें मिल जाएँ? रामलाल निराश होकर बाहर निकला तो चपरासी ने उसे एक ज्ञानवर्धक सलाह दी, बिना तेल के मशीन नहीं चलती, बाबूजी। रामलाल को समझ आ गया, सरकारी तंत्र भी पुराने स्कूटर की तरह है–बिना ठोकर मारे स्टार्ट नहीं होता और जब स्टार्ट हो जाए तो गियर फँस ही जाता है। उसने जेब टटोली, पर जेब में तेल यानी घूस डालने लायक पैसा नहीं था। सोचने लगा, ह्यकहीं से उधार लूँ या फिर कोई दूसरा उपाय करूँ लेकिन उपाय क्या था, जब पूरे सिस्टम में ही भ्रष्टाचार का इंजन लगा हो?

## अरपा का जीवनदान

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**इस** घटना को बताने के पूर्व मैं अरपा नदी जिसे हम श्रद्धा से अरपा मैया के नाम से बुलाते हैं इस पर ?कुछ बात? करना जरूरी? समझता हूं। अरपा वैसे तो मेरे घर के बहुत पास से ही बहती हुई आगे की ओर निकलती है। मैंने होश संभालते ही अरपा नदी के ममत्वभरे आंचल को देखा समझा है, और इसे बड़ी शिद्दत से महसूस भी किया है। अरपा नदी की खासियत तो हम शहर वासियों के नजरों में ऐसी है कि जिसकी कोई उपमा? नहीं? दी जा सकती है। ये शहर के बीच से बहती हुई निकलती है पूरे बिलासपुर शहर को बीचो-बीच दो भागों में बांट देती है, तो स्वाभाविक है यह शहर के लोगों की प्यास तो बुझाती ही है, साथ ही साथ अपने किनारो पर रहने वाले अन्य गांव बस्तियों की भी प्यास इसी नदी से बुझती है।अरपा के कारण ही इस क्षेत्र की भूमि उर्वर और हरीभरी है। कृषि सब्जी उपज का भरपूर उत्पादन इस नदी की ही कृपा है। बिलासपुर शहर और मां बिलासा जिनके नाम पर शहर बसा है, और अरपा नदी यह तीनों एक दूसरे के अटूट पर्याय हैं। अगर आप तीनों में से एक का नाम लेगें तो समझ लीजिए की हर हाल में इन तीनों की भूमिका का वर्णन आवश्यक रूप से आएगा। वैसे अरपा नदी का मेरे अपने जीवन के लिए तो विशेष अविस्मरणीय स्थान है और रहेगा।मेरा बचपन अरपा के रेतीले चादरों के बीच, इसके घाटों में ऐसे गुजरा है जैसे घर का आंगन। अरपा की वह उत्ताल बलखाती तरंगे उछाल मारती मस्त और खिलंदड़ी लहरों की निर्मलता के बीच अल्हड़ बचपन मस्ती और निश्चिंतता के साथ कैसे बीता..कब बीता..पता ही नहीं चला। खास करके जब अरपा नदी में गर्मियों के समय जब शाम होती थी, दिन ढल जाता था और इसकी रेतीली चादर में चारों तरफ कोचई, ककड़ी और अन्य सब्जियों के बाड़ी लगे रहते थे तब इसे घाट के ऊपर से देखने पर पूरी नदी का रेत वाला एरिया हरियाली से भरपूर दिखाई पड़ता था। वह दृश्य बड़ा ही सुंदर और मनमोहन रहता था। शाम के जब हम नदी जाते थे तो इसके रेतीले चादर के बीच लेट कर चांदनी रात का जो मजा लेते थे वह कभी नहीं भूलने वाला अविस्मरणीय और सुकून शांति भरा एहसास होता था, जो शायद अब कभी ना मिले।

## न्यूज फ्लैश

### अम्बाला में एजेन्सियों ने 166181.3 मीट्रिक टन गेहूँ के खरीद कार्य को किया पूरा: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त अजय सिंह तोमर** ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मंण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 166181.3 मीट्रिक टन गेहूँ को खरीद लिया हैं। इन मंण्डियों में अब तक 28858 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 40.5 प्रतिशत के साथ 67284 मीट्रिक टन गेहूँ के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को गेहूँ उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से गेहूँ खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेन्सी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस एजेन्सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल तक अम्बाला छावनी से 11360 एमटी, अम्बाला शहर से 38726 एमटी, नन्यौला मंडी से 5262 एमटी, मुलाना मंडी से 18876 एमटी, साहा मंडी से 17160 एमटी, बराड़ा मंडी से 19560 एमटी गेहूँ खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि केसरी मंडी से 2207 एमटी, सरधेड़ी मंडी से 2930 एमटी, उगाला मंडी से 1992 एमटी, तलहेड़ी मंडी से 7566 एमटी, शहजादपुर मंडी से 11116 एमटी, कड़ासन मंडी से 6150 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 17604.3 एमटी, बेरखेड़ी मंडी 3092 एमटी व भरेड़ीकलां से 2580 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने 16988 एमटी, फुड फारमर ने 2776 एमटी, हैफेड 134400 एमटी, हैफेड फारमर ने 23221 एमटी, हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन ने 14793.3 एमटी गेहूँ की खरीद गई हैं।

### एंडोस्कोपी से संभव हुई न्यूनतम इनवेसिव ब्रेन सर्जरी

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हाल के** वर्षों में मेडिकल साइंस ने अद्भुत प्रगति की है, जिसने न्यूरोसर्जरी की संभावनाओं की सीमाओं को नया आकार दिया है। इन्हीं तकनीकी नवाचारों में से एक है एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी, जो न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है। इसने जटिल ब्रेन रोगों के इलाज का तरीका ही बदल दिया है, और अब सर्जनों के पास अधिक सुरक्षित, तेज व कम इनवेसिव विकल्प उपलब्ध हैं। न्यूरोसर्जरी में एंडोस्कोपी का प्रयोग एक पतली, लचीली ट्यूब के माध्यम से किया जाता है, जिसमें कैमरा व प्रकाश स्रोत लगे होते हैं। इससे सर्जन मस्तिष्क की गहराई में स्थित संरचनाओं को स्पष्ट रूप से देख व ऑपरेट कर सकते हैं, वो भी बिना आसपास के टिशूस को अधिक क्षति पहुँचाए। बीएलके-मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के न्यूरोसर्जरी व न्यूरो स्पाइन विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. अनिल कुमार कंसल ने बताया कि ह्लआज एंडोस्कोपिक तकनीकों का उपयोग कई प्रकार की न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के इलाज में किया जा रहा है।

### औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाओं मिलने पर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**गन्नौर। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर** एसोसिएशन, बड़ी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र बड़ी में हुए विकास कार्यों पर आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के सदस्य शुक्रवार को मानेसर के आइआइसीए आडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री के उद्योगपतियों के साथ संवाद सत्र में पहुंचे थे। इस दौरान एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से सड़कें, स्ट्रीट लाइट, बिजली आपूर्ति, वर्षा जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस वर्ष का बजट भी विशेष रूप से लघु व मध्यम उद्यमो के लिए सफल रहा है। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, लक्ष्मण सैनी, हरीश शर्मा, अमित गर्ग, अजय मलिक, कमल पाराशर, इशान गुप्ता, निशांत गोयल मौजूद रहे।

# विकसित भारत बनाने में ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी: कार्तिकेय

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: राज्यसभा सांसद** कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में नए युग की शुरूआत हो रही है। इसी तर्ज पर प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी नई सोच व युवा सोच के साथ प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में बाह्मण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बलदेव नगर अंबाला शहर में सनातम धर्म पुरोहित मंडल सोसायटी द्वारा आयोजित भगवान परशुराम महोत्सव एवं ब्राहाण सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने संबोधन में कही। इस मौके



पर सनातम धर्म पुरोहित मंडल सोसायटी, बाह्मण समाज के अन्य पदाधिकारीगण व अन्य धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों में मुख्यअतिथि को स्मृति चिंह, दौशाल व सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित सभी को भगवान परशुराम महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि 27 अप्रैल को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस राज्य स्तरीय समारोह में सभी को आमंत्रण देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि ब्राहमण समाज द्वारा मांगपत्र व अन्य जो बातें उनके समक्ष रखी हैं, वे उन्हें आश्वस्त करते हैं कि वे इन मांगों के संबध में उचित पटल पर रखकर उनकी रखी हुई सभी बातों को पूरा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्राहमण समाज हमेशा ही आगे रहा है। आजादी की लड़ाई से लेकर भारत के स्वर्णिम विकास में ब्राहमण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के नवनिर्माण में भी ब्राहमण समाज आगे आकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ज्ञान व विज्ञान का समय है, हमें अपने बच्चों को ज्ञान और विज्ञान से परिचित करवाते हुए हमारे पूर्वजों द्वारा जो ज्ञान दिया गया था उस ज्ञान की गंगा का अनुसरण करवाना है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही के दिनों में उन द्वारा कार्यक्रम करवाया गया था जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ अन्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे और इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भविष्य में हमें कैसे आगे बढना है उस बारे चर्चा की गई है।

## माता वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा निकाली



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** तारानगर में 19 अप्रैल को चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा माता वैष्णो देवी मंदिर में मातारानी का भव्य स्वागत किया गया। और कलश यात्रा निकाली यात्रा तारानगर से चलकर जीवन नगर, बत्रा कॉलोनी, भगतपुरा, ओल्ड डी सी रोड से वापस तारानगर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

सभी महिलाएं नाचते-गाते और भजन गाते हुए कार्यक्रम में शामिल हुईं। चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान मैडम चांदनी उनके सभी अतिथियों ने पूजा-अर्चना की। उसके बाद मंदिर के कार्यकताओं द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया और तारानगर की कीर्तन मंडली ने सबसे पहले चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान मैडम चांदनी , चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति के सर परस्त संत बाबा मौनी दास जी और माई गीता दास जी वह अन्य संत जनों को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## संदिग्ध हालात में फंदे पर लटकी मिली नाबालिग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** दहा गांव में शनिवार को एक 16 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में सुसाइड कर लिया। वह 11वीं कक्षा की छात्रा थी और घटना के वक्त घर में अकेली थी। उसकी मां रोजाना की तरह मधुबन स्थित अपने काम पर गई हुई थी। तभी पीछे से किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। जब मां को फोन आया तो वह दौड़ती हुई घर पहुंची, लेकिन तब तक बेटी ने दम तोड़ दिया था। फिलहाल पुलिस इसे सुसाइड मानकर जांच कर रही है, लेकिन परिवार को इस पर यकीन नहीं है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# निदेशक ने अनाज मंडियों की व्यवस्था को जांचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हैफड प्रबंध** निदेशक मुकुल कुमार ने गेहूं खरीद कार्य के दृष्टिगत अनाज मंडी अम्बाला शहर, अनाज मंडी अम्बाला छावनी व नारायणगढ़ अनाज मंडी का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने आढ़तियों व किसानों से भी मंडी में दी जा रही सुविधाओं के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। हैफड प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने सबसे पहले अनाज मंडी अम्बाला शहर का दौरा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से अब तक कितनी गेहूं की आवक मंडी में पहुंच चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है और कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है



और किसानों को उनकी फसलों की अदायगी समयबद्ध तरीके से की जा रही है उसकी भी जानकारी ली। इसी प्रकार उन्होने अम्बाला छावनी अनाज मंडी व नारायणगढ़ अनाज मंडी का दौरा करते हुए यहां पर गेहूं की आवक के साथ-साथ लिफ्टिंग की भी जानकारी ली। उन्होंने सम्बन्धित सभी अधिकारियों को स्पष्ट किया कि गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य भी समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत पहले से दी हुई है कि वे उठान कार्य पर भी विशेष फोक्स रखें ताकि व्यापारियों व किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए। उन्होने इस मौके पर आढ़तियों व किसानों से बातचीत करते हुए गेहूं की खरीद व उठान से सम्बन्धित जानकारी ली। हैफड प्रबंध निदेशक ने इस मौके पर यह भी कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि गेहूं खरीद व उठान में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस विषय में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस मौके पर डीएम हैफड देवेन्द्र सिंह, सचिव दलेल सिंह, सचिव नीरज भारद्वाज, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, आढती रोहित गर्ग, आढती संजीव गर्ग, मैनेजर विजय ढिल्लो के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 1 किलो 50 ग्राम भुक्की चूरापोस्त सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को 1 किलो 50 ग्राम भुक्की चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पालू निवासी हथवाला के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी एक टीम शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गांव आटा में मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचन मिली की गांव हथवाला निवासी पालू मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करता है। पालू मादक पदार्थ लेकर गांव आटा में बिलासपुर मोड़ खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पालू पुत्र सलेखचंद्र निवासी हथवाला के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार डयूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ डाक्टर अजय कुमार की मौजूदगी में युवक व उसकी हाथ में पकड़ी प्लास्टिक पन्नी की तलाशी ली जो पन्नी के अंदर से भुक्की चूरापोस्त मादक पदार्थ बरामद हुआ। बरामद भुक्की चूरापोस्त का वजन करने पर 1 किलो 50 ग्राम पाया गया। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# गन्नौर से नई दमकल गाड़ी गोहाना भेजी, विभाग ने एक ही दिन में वापिस लौटाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गन्नौर शहरवासियों** की सुरक्षा के लिए वर्ष 2023 में सरकार द्वारा दी गई नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेज दिया गया था, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए थे। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए प्रशासन व सरकार से नई दमकल गाड़ी को तुरंत गन्नौर वापस भेजे जाने की मांग की थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि नई गाड़ी फोम आधारित होने के कारण आग पर तुरंत काबू पाने में सक्षम थी। गाड़ी



चले जाने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा केवल एक पुरानी और एक छोटी दमकल गाड़ी के भरोसे रह गई थी। दमकल की पुरानी गाड़ी बार-बार खराब हो जाती है और उसके टैंक से पानी टपकता रहता है, जिससे आग बुझाने में मुश्किलें आती है। वहीं, जो छोटी गाड़ी है वह केवल तंग गलियों में काम आती है और उसमें पानी की मात्रा बेहद सीमित होती है। ऐसे में बड़ी आगजनी की घटनाओं से निपटना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने इस संबंध में कड़ा विरोध जताते हुए स्थानीय विधायक को शिकायत देने का मन बना चुके थे, लेकिन विरोध को देखते हुए दमकल विभाग ने गोहाना भेजी गई दूसरी गाड़ी को वापिस गन्नौर भेज दिया। जिसके बाद अब क्षेत्र में आगजनी होने पर बड़ा खतरा टल सकता है। स्थानीय लोगों ने अब दमकल विभाग को आभार जताया है।

**दमकल गाड़ी भेजने से किया था मना**

दमकल अधिकारी शमशेर सैनी ने बताया कि उन्होंने नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजे जाने से मना किया था, लेकिन विभाग ने गाड़ी गोहाना भेज दी थी। अब गाड़ी वापिस आ गई है। उन्होंने कहा कि पुरानी गाड़ी की स्थिति ठीक नहीं है। उसे भी ठीक करवाया जाएगा, ताकि क्षेत्र में आगजनी होने पर किसी तरह की परेशानी न हो।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने विकास नगर में एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मन्नान निवासी तितरवाडा शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उनकी एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान विकास नगर में मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की गली नंबर 27 के पास एक संदिगध किस्म का युवक खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मन्नान चौधरी पुत्र असगर निवासी तितरवाडा शामली यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर युवक की पहनी हुई जींस पेंट की जेब से 315 बौर का एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल कुछ दिन पहले युपी में गुड़ बेच रहे अज्ञात रेहड़ी वाले से 10 हजार रूपए में खरीदा था। दोस्तों में रौब जमाने के लिए आरोपी पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा।

# ड्रीम प्रोजेक्ट शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा: प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में कमेटी रूम में शुक्रवार को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि मेटिरियल साइंस के इस ड्रीम प्रोजेक्ट के माध्यम से शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने ड्रीम प्रोजेक्ट की पूरी टीम को बधाई देते हुए



कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए बहुत उपयोगी व लाभकारी सिद्ध होंगे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अनुसंधान परियोजना के वित्तपोषण के मामले में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिसमें अन्य 6 स्पोक संस्थानों के साथ-साथ आईआईटी-रोपड़ को एक हब संस्थान के रूप में त्वरित नवाचार और अनुसंधान (पीएआईआर) कार्यक्रम अनुदान के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी साझेदारी के रूप में शामिल किया गया है। इस अवसर पर नोडल आफिसर प्रो. संजीव अग्रवाल ने इस प्रोजेक्ट की भूमिका एवं भावी योजनाओं के विषय में एक रिपोर्ट कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए उत्तर भारत के अनेक विश्वविद्यालयों व संस्थानों ने आवेदन किया था जिनमें पंजाब यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू शामिल थे।

भारतीय विज्ञान अकादमी (आईएएससी) बैंगलोर में आयोजित शीर्ष समीक्षा बैठक के दौरान 30 पहचाने गए अनुसंधान केंद्रों में से, केयूके और अन्य 6 प्रवक्ताओं के साथ आईआईटी-रोपड़ उन सात मेधावी केंद्र प्रस्तावों में शामिल था, जिन्हें पीएआईआर कार्यक्रम के वर्तमान चरण के तहत पूर्ण वित्त पोषण समर्थन के लिए मंजूरी दी गई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को इस प्रोजेक्ट के लिए आईईटी रोपड़ के साथ 10 करोड़ रुपए की अनुदान राशि मेटिरियल साइंस के ड्रीम्स प्रोजेक्ट पर शोध के लिए मंजूर हुई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को यह प्रोजेक्ट आगामी 5 वर्षो के लिए मिला है। इस प्रोजेक्ट का नोडल आफिसर प्रो. संजीव अग्रवाल को बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट में फिजिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोकेमिस्ट्री, पर्यावरण आदि विभागों के शिक्षकों को शामिल किया गया है।

# 150 करोड़ रूपए हड़पने वाली कंपनी का डायरेक्टर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पानीपत पुलिस ने निवेशकों के साथ करीब 150 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी करने वाली कंपनी के डायरेक्टर रिंकू ढांडा व उसकी पत्नी सोनिया को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी दंपती ने अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर वर्ष 2019 में जीएफएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाकर 10 महीने में पैसे डबल करने का झांसा देकर लोगों से कंपनी में निवेश करा करीब 4 साल तक निवेशकों को स्कीम का लाभ देने के बाद वर्ष 2024 में कंपनी बंद कर दी थी। निवेशकों को उनका पैसा वापिस नहीं आरोपियों के खिलाफ पानीपत व



अन्य जिलों में शिकायत देकर मामले दर्ज कराए गए थे। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि गत 31 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एनएचबीसी निवासी सुरेश पुत्र कृष्णलाल ने शिकायत देकर बताया था कि पानीपत निवासी निर्दोष कुमार के साथ उसकी जान पहचान थी। निर्दोष कुमार ने उसको अपनी कंपनी जीएफएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमीटेड के प्लान के बारे में बताया। मई 2023 में निर्दोष अपने साथ रिंकू ढांडा, सोनिया ढांडा व अंजली को साथ लेकर उनके घर आया। सभी मिलकर कहने लगे उनकी जीएफएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमीटेड कंपनी ट्रेडिंग का काम करती है। और अच्छा मुनाफा कमाती है। उसको 40 सप्ताह में पैसे डबल करने की बात कहकर कंपनी में निवेश करने के लिए कहा और साथ में पैसों की गांरटी की बात कही। विश्वास में लेकर 3 जून 2023 को उसकी 10 लाख रूपए की जीएफएक्स की आईडी बनाकर उक्त राशि ले ली। कंपनी की तरफ से उसे किसी प्रकार की रसीद भी नहीं दी गई।

आईडी बनने के बाद उसके खाते में थोड़े थोड़े कर 3 लाख 43 हजार 35 रूपए वापिस आए। सितंबर 2023 में निर्दोष कुमार ने उसकी 20 लाख रूपए की एक आईडी और बनाकर पैसे ले लिए। इसकी भी रसीद नहीं दी गई। अक्तूबर 2023 में कंपनी लोगों का पैसा लेकर भाग गई है। कंपनी के डायरेक्टर व अन्य कर्मियों ने साजिश के तहत लोगों के साथ ठगी की। कंपनी के उक्त चारों आरोपियों ने 40 सप्ताह में पैसा डबल करने का झांसा देकर उससे साथ धोखाधड़ी कर उक्त राशि हड़प ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच करवाने पश्चात सुरेश की शिकायत पर थाना चांदनी बाग में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी।

# मंडियों में भीगा किसानों का गेहूं, नहीं मिलेगा उचित दाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में बीती देर** रात आए तूफान के बारिश के कारण हडकंप मच गया। तेज तूफान के कारण सेक्टर 6 में अचानक पेड़ टूटकर दो गाडि?ं के ऊपर गिर गया, जिससे गाडि?ं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत ये रही कि इस दौरान गाड़ी व पेड के आसपास कोई भी मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। वहीं दूसरी तरफ रात को आई तेज बारिश के कारण मंडियों में पड़ा किसानों को गेहूं पूरी तरह से भीग गया। एक सप्ताह में ये दूसरी बार हुई बे मौसम बरसात ने प्रशासन की तैयारियों की पोल कर रख दी। चार माह पहले होंडा अमेज गाड़ी खरीदने वाले कारे के मालिक ने बताया कि रात को उसने अपनी गाड़ी को सडक किनारे पार्क किया था, लेकिन तेज आंधी की वजह से पास का पेड़ टूटकर सीधे कार पर गिर गया, जिससे कार की छत और बोनट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार मालिक के मुताबिक उन्होंने यह गाड़ी महज 4 महीने पहले खरीदी थी और अब तक सीटों पर लगी पन्नी भी नहीं हटाई थी। वहीं एक अन्य गाड़ी पर भी पेड़ गिरा है, जिससे वह गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। होंडा अमेज के पास खड़ी दूसरी कार भी पेड़ की चपेट में आ गई। उस कार के शीशे टूट गए और बोनट पर गहरी चोट आई। कार मालिक ने बताया कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां अक्सर लोग टहलते हैं और बच्चों का भी आना-जाना रहता है। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद आसपास के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि शहर में जिन पेड़ों की हालत कमजोर है और जो गिरने की स्थिति में हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा नेता जय भगवान डी डी शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भाजपा नेता जय भगवान डी डी शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल। एक अनियंत्रित वाहन ने मारी उनकी गाड़ी को टक्कर , जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए वह तूफान के बाद क्षेत्र में जली हुई फसलों का जायजा लेने तथा सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने हेतु लुखी से शांति फार्म की ओर जा रहे थे। इस दुर्घटना में डी. डी .शर्मा को पेल्विक बोन (कूल्हे की हड्डी) तथा चेहरे पर चोट आई है। सिर, छाती और पेट सुरक्षित हैं। उन्हें आज सुबह बेहतर उपचार हेतु मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में शिफ्ट किया गया है, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में सर्जरी की जाएगी । भाजपा के कार्यकर्ता एवं उनके चाहने वाले सभी उनके समर्थक भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि भगवान उनको जल्दी स्वस्थ करें।

### आशा दीप करहंस में इंटर हाउस कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता



**समालखा ( कुलदीप सिंह ):** आशा दीप आदर्श हाई स्कूल में शनिवार को फायरलेस कुकिंग का आयोजन किया गया। छात्रों ने , विभिन्न प्रकार के सैंडविच, फ्रूट चाट ,बिस्किट ट्रीट , शिकंजी जैसी स्वादिष्ट चीजें तैयार कीं और बिना आग के भी खाना पकाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। युवा रसोइयों ने कई नवीन व्यंजन पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को ताजा, किफायती खाद्य पदार्थों के साथ स्वस्थ भोजन विकल्प बनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना था।इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक वीरेन्द्र सहरावत तथा प्रिंसिपल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और रुचि के नए क्षेत्रों का पता लगाने और भोजन के पोषण मूल्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सभी बच्चे उत्साह से भर गए जब उन्होंने शेफ की भूमिका निभाई। उन्होंने खाना पकाने में अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए अपने शेफ कैप का भी प्रयोग किया । नन्हे रसोइयों ने अपने रंग-बिरंगे एप्रन और टोपी पहनकर स्वस्थ्य और पौष्टिक व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता में संकल्प हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

### मोबाइल फोन, एटीएम व रुपये छीनने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** एसएसटी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व रुपये छीनने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जयंत उर्फ काकू निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली, विपिन उर्फ सूरज निवासी गौतम बुद्ध नगर, अजीत उर्फ अज्जू निवासी फरुर्खाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

# सांसद कार्तिकेय शर्मा ने परशुराम भवन का किया शिलान्यास

### ब्राह्मण एकता शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर बुलाने पर उनका आभार किया

**स्वागत किया**

▶▶ सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने राजौरी गार्डन नजदीक शाहपुर में परशुराम भवन का शिलान्यास किया। यहां पहुंचने पर विश्व ब्राह्मण संघ हरियाणा एवं ब्राह्मण एकता शक्ति वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन जयभगवान शर्मा, महासचिव सुरेंद्र मोहन वत्स व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ व फूलमालाएं पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया। मुख्यअतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव व परशुराम भवन के शिलान्यास की बधाई देते हुए कहा कि ब्राह्मण एकता शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा यहां पर कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर बुलाने पर उनका आभार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर आने का जो मौका उन्हें मिला है इसके लिए वह अपने आपको गौरवित महसूस करते है। अंबाला के लोगों का उन्हें सदा ही आशीर्वाद एवं प्रेम मिलता है। बुर्जुगों का आशीर्वाद एवं युवाओं से मिलकर उन्हें उर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भवन का आज शिलान्यास किया गया है, जोकि जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा, जिस उद्देश्य से इस भवन को बनाया जा रहा है उससे जरूरतमंद लोगों को इसका फायदा होगा। लोग अपने सामाजिक कार्य यहां पर आसानी से कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण एकता शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा जो भी कार्य इस भवन से संबंधित उन्हें बताया जाएगा उसे करवाया जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों द्वारा साईक्लोथोन 2.0 साईकिल यात्रा से संबंधित पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि यह यात्रा पूरे हरियाणा को कवर कर रही है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करते हुए हरियाणा को ड्रग फ्री हरियाणा बनाने का संदेश दिया जा रहा है।





# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों पर बातचीत का समय लेने हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को उनके चंडीगढ़ निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम सिंह भेडथली ने किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र पहुंचे संगठन के प्रधान महासचिव पहल सिंह तंवर व उप महासचिव राजपाल गूंसर ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ संगठन के सुरेंद्र वधवा,जगतार सिंह सोढ़ी, श्री चंद सैनी शामिल थे।शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग पत्र पर शीघ्र अधिकारियों से बातचीत कर मांगो का हल निकालने का अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी ज्यादातर मांगों में सरकार का कोई पैसा नहीं लगता ,सिर्फ उनमें कुछ सुधार करना है। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान करना ,65,70 ,75 वर्ष के बाद बेसिक पेंशन में क्रमश 5% व10%व 15% की वृद्धि करना ,फिक्स मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3000 करना, कम्युटिड पेंशन 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष में कटौती करना, फैमिली पेंशनर को एल टी सी सुविधा प्रदान करना,करोना काल का 18 मास का डी ए का एरियर प्रदान करना।

**मांग**

▶▶ अपनी मांगों पर बातचीत का समय लेने हेतु हसैनी को उनके चंडीगढ़ निवास पर मिला

# गोहाना से निर्दलीय प्रत्याशी पर जानलेवा हमला

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गोहाना से निर्दलीय प्रत्याशी पर जानलेवा हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार सवार युवक पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस कार सवार युवक का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। कुछ दिन पहले कार सवार युवकों ने राजबीर दहिया के बेटे का भी पीछा किया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया हुआ है। मॉडल टाउन निवासी राजबीर दहिया ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह उन्हें एक स्कॉर्पियो गाड़ी संदिग्ध हालत में उनके घर के पास दिखाई दी। गाड़ी चालक ने शीशा नीचे करके उसके ऊपर जान से मारने की नियत से पिस्तौल निकालकर फायर किया। वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद हमलावर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। राजबीर दहिया ने बताया कि उसने आरोपित को पहचान लिया है। यह आरोपित फाजिलपुर गांव का रहने वाला है।

**आरोप**

▶▶ पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार सवार युवक पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया

# श्री धन्ना भगत की जयंती पर उचाना में आज आयोजित होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

**राज्यस्तरीय**

▶▶ 20 अप्रैल उचाना में श्री धन्ना भगत की जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा: सुधा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 20 अप्रैल उचाना में श्री धन्ना भगत की जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि श्री धन्ना भगत भक्तिकाल के आदर्श थे, जिन्होंने भक्ति, सेवा का संदेश दिया। उनका जीवन हमें निस्वार्थ सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वह एक रहस्यवादी कवि और एक वैष्णव भक्त थे, जिनके तीन भजन आदि ग्रंथ में मौजूद हैं। वह एक कृष्ण भक्त थे। उनका जन्म राजस्थान के टोंक जिले में तहसील दूनी के पास धुआ गाँव में हिन्दू धालीवाल जाट परिवार में हुआ था। हिन्दू व सिख धर्म के लोगों में इनकी गहरी आस्था है। इनके मंदिर से कुछ ही दूरी पर अरावली की पहाड़िया है जहां धन्ना भगत जी जिस गुफा में तपस्या करते थे वहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थित है जिसे धुंधलेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है, और सिख धर्म के ग्रंथों में भी धन्ना भगत का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर धार्मिक,सामाजिक संगठनों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों और नागरिकों को भी निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश से लोग इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचेंगे। जिला कुरुक्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इन श्रद्धालुओं को कार्यक्रम स्थल तक लेजाने के लिए व लाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से बसों का प्रबंध किया गया है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आधार मानकर तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कर रही है।

# चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
समालखा/कुलदीप सिंह

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में इंटर हाउस खो-खो खेल प्रतियोगिता, इसके साथ ही इंटर क्लास नर्सरी से यू के जी में फ्रूट-चाट, कक्षा पहली से तीसरी अंग्रेजी कैलीग्राफी एक्टिविटी कराई गई। जिसमें बच्चों ने स्वादिष्ट चाट बनाई जो बहुत ही चटपटी लगी । बच्चों के लिए, कैलीग्राफी एक्टिविटी एक रचनात्मक और शिक्षाप्रद रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की लिखाई में सुधार लाना और उन्हें सुंदर अक्षर लेखन के प्रति प्रेरित करना था। छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता और लिखावट के हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर इंचार्ज पूजाकौर ने छात्रों को कैलीग्राफी के महत्व के बारे में बताया और सुंदर लेखन को व्यक्तित्व का हिस्सा बताया । कबड्डी कोच विकास व खेल शिक्षक सुरेंद्र की देखरेख में ग्रुप -1कक्षा चौथी से सातवीं , ग्रुप -2 आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं इंटर हाउस खो - खो खेल प्रतियोगिता में सभी सदनों से 12-12 खिलाड़ी भाग लिया । प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा खेल का प्रारंभ किया गया । सभी खिलाड़ियों का जोश काबिले-तारीफ रहा। स्कोरर गणित शिक्षक नवीन ,समय निर्यता विकास व रेफरी की भूमिका सुरेंद्र ने बखूबी निभाई। जोरदार प्रदर्शन के बाद खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।



**एक्टिविटी**

▶▶ यू के जी में फ्रूट-चाट, कक्षा पहली से तीसरी अंग्रेजी कैलीग्राफी एक्टिविटी कराई गई

# सेफ सिटी टीम द्वारा पीपली कुरुक्षेत्र में स्कूली बच्चों को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। महिला पुलिस की टीमो द्वारा समय-समय पर महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दिनांक 19 अप्रैल मार्च को सेफ सिटी की महिला मुख्य सिपाही राजबीर कौर व महिला एसपीओ अमिता रानी की टीम ने राजकीय प्राथमिक स्कूल पीपली में छात्र/छात्राओं को बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने छोटे बच्चों विशेष रूप से लड़कियों को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की महिला मुख्य सिपाही राजबीर कौर ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है।



### तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित अरेस्ट

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत उर्फ भोला निवासी राजपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक सुरेश की टीम गश्त के दौरान 13 अप्रैल को गन्नौर राजपुर मोड़ पर मौजूद थी। उसी दौरान गुप्त सूचना पर पुलिस ने विवेक निवासी राजलू गढ़ी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से अफीम को बरामद किया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को कुंडली क्राइम यूनिट ने गिरफ्तार किया है।

# योग दिवसः आयुष विश्वविद्यालय को मिले जिम्मेदारी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** विश्व में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग को एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ( आयुष मंत्रालय,भारत सरकार) द्वारा आयोजित "100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान" काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का चयन किया गया है। इस सम्मानजनक चयन के बाद विश्वविद्यालय ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसी श्रृंखला में 43वें दिन 9 मई, शुक्रवार को विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर गांव में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए, संस्थान की ओर से अनुदान राशि भी प्रदान की गई है। इस अवसर पर शहर की प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाएगा कार्यक्रमः प्रो. धीमान आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम के लिए चुना है। योग न केवल भारत की प्राचीन परंपरा है, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। हमारे विश्वविद्यालय का योग विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। मैं योग विभाग की चेयरपर्सन डॉ. शीतल सिंगला, योग शिक्षक योगेंद्र कुमार और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि 9 मई को ज्योतिसर में होने वाला आयोजन न केवल योग के प्रति जनजागरण करेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत बनाएगा।



**संस्थान**

▶▶ आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का चयन किया गया है

# योग भारत की प्राचीनतम संपदा हैः प्रधान देसराज

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान, मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान के योगाश्रम, मिर्जापुर में हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के योग साधना केंद्रों के प्रमुखों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन सबसे पहले प्रशिक्षुओं को शारीरिक शुद्धि क्रियाओं कुंजल, जल नेति, रबड़ नेति व सूत्र नेति का अभ्यास करवाया गया। तत्पश्चात सक्षम अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान साधना के सत्र लिए गए । संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज ने कुछ आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया तथा साधकों की योग संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया । दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत के पश्चात प्रथम दिवस के चर्चा सत्र का शुभारंभ हुआ । माननीय देसराज जी ने यह शिविर क्यों ? इस विषय पर गंभीर एवं सारगर्भित तथ्य प्रस्तुत किये । योग का इतिहास बताते हुए उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम संपदा है । वस्तुतः योग का प्रादुर्भाव तभी हुआ जब सृष्टि का जन्म हुआ । योग से शरीर, मन, चित्त, बुद्धि को नियंत्रित करते हुए प्रभु से एकीकार हो जाना संभव है । उन्होंने बताया कि सभी ग्रंथों में योग की चर्चा है । वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों, परंपराओं, दर्शन इत्यादि में योग का वर्णन है। उन्होंने भगवान शिव, योगेश्वर श्री कृष्ण, सूर्य, मनु, इक्ष्वाकु, महर्षि पतंजलि, बौद्ध धर्म, महर्षि घिरिंड, हठ योग, स्वामी विवेकानंद, महर्षि महेश योगी, श्री अरविंद, महर्षि दयानंद सरस्वती, आधुनिक योग यात्रा इत्यादि के बारे में साधकों को बताया । उन्होंने कहा कि यदि योग में शक्ति न होती तो विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न मनाया जाता । उन्होंने स्मृति को बढ़ाने व कब्ज रोग से बचाव के यौगिक उपायों के बारे में भी साधकों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने कहा की योग द्वारा कुंडलिनी जागृत होने पर परमपिता परमेश्वर से मिलन संभव है । संस्थान के अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता ने आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोगों का इलाज चिकित्सालय में नहीं भोजनालय में है । सामान्यतः व्यक्ति अपनी आवश्यकता से 10 गुना अधिक भोजन खाता है । भोजन से वजन बढ़ता है शक्ति नहीं।




**योग दिवस**

▶▶ सामान्यतः व्यक्ति अपनी आवश्यकता से 10 गुना अधिक भोजन खाता है। भोजन से वजन बढ़ता है शक्ति नहीं

# नए लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को होगी ट्रेड यूनियनो की राष्ट्र व्यापी हड़ताल

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )

केन्द्र सरकार द्वारा लाये गए चार नए लेबर कोड के खिलाफ एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र राष्ट्रीय फेडरेशनों/एसोसिएशनों द्वारा आगामी 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। इससे पहले 1 मई मजदूर दिवस पर जिला मुख्यालयो पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। एआईयूटीयूसी, हरियाणा प्रदेश के सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों-कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए इस देशव्यापी हड़ताल को सफल करना वक्त की जरूरत है। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथो लेते हुए आरोप लगाया कि पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के हित में कठिन व जुझारू संघर्षो से अर्जित श्रम कानूनों को खत्म करके केन्द्र सरकार उनकी जगह चार लेबर कोड लेकर आई है। इन लेबर कोड के लागू होने से जिस उद्योग में 300 से कम मजदूर काम करते हैं उन उद्योगों में मजदूरों की छंटनी, ले-आफ, तालाबंदी व कारखाना बंदी करने के लिए अब मालिकों को किसी संवैधानिक निकाय की मंजूरी लेना जरूरी नहीं रहा। इसके अलावा अल्प अवधि रोजगार, रात्रि पाली में महिलाओं से ड्यूटी लेने, काम के घंटे बढ़ाने, ठेका श्रमिक अधिकारों की कटौती व फैक्ट्री की परिभाषा तक बदल दी गई हैं। ये लेबर कोड लागू होने से देश के अधिकांश औद्योगिक श्रमिक श्रम-कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे और मालिक-पूंजीपतियों की सरे आम मनमर्जी चलेगी।

**आह्वान**

▶▶ श्रम-कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे और मालिक-पूंजीपतियों की सरे आम मनमर्जी चलेगी

# महादेव की तिरसूल यात्रा का दिल्ली की मुख्यमंत्री व संतों के आशीर्वाद से हुआ भव्य आयोजन : डॉ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद द्वारा भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम यात्रा के उपरांत, भगवा त्रिशूल यात्रा की भव्य शोभायात्रा का महाआयोजन नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के सभी पदाधिकारियों व मेहमानों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय व राष्ट्रीय महामंत्री



संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस महाआयोजन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता,दिल्ली के सांसद व भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी ,दिल्ली की सांसद बांशुरी स्वराज,हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढाडा ,पश्चिम दिल्ली सांसद कमलजीत शेहरावत,पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ,दिल्ली राज्य मन्त्री मन्जीन्दर सिंह सिरसा,जिला पंचायत अध्यक्ष मेरठ गौरव चौधरी व हरियाणा,उत्तरप्रदेश,दिल्ली के वरिष्ठ राजनेताओं ने पहुंचकर की प्रोग्राम की सराहना की। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ट ने बताया कि महाआयोजन में आशीर्वाद देने के लिए लाईव विडियो के माध्यम से बाबा बागेश्वर जी महाराज व महंत संतों में पूज्य श्री सुधान्सु जी महाराज,श्री श्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वति जी महाराज,पटौदी से महामंडलेश्वर पूज्य धर्मदेव जी महाराज,महामण्डलेश्वर पूज्य नवल किशोर जी महाराज,महामंडलेश्वर पूज्य अरूण दास जी महाराज, जटेला धाम से पूज्य राजेन्द्र दास जी महाराज,श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर पूज्य बालकान्द जी महाराज आदि ने पहुंचकर यात्रा की सराहना व आशीर्वाद प्रेषित किया।

इस दौरान अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने बताया इस आयोजन को ओर भव्य बनाने व शिव आराध्य करने के लिए सुप्रसिद्ध कलाकार कैलाश खेर,सुपरस्टार एवं गायक मनोज तिवारी ,हरियाणवी सुपरस्टार अमित ढुल,सुप्रसिद्ध सुपरस्टार रेणुका पंवार व आगौरी टीम ने शिव भक्ति करके यात्रा का गुणगान किया।

# फाइनल मुकाबले में चैंपियन सदन को हराकर चैलेंजर सदन बना विजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल ,पट्टीकल्याणा में शनिवार को अंतर सदन क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के चारों हाउस अचीवर एस्पायर ,चैंपियन और चैलेंजर सदन ने भाग लिया ।सीरीज का सेमी फाइनल मुकाबला अचीवर और चैंपियन सदन और दूसरा मुकाबला चैलेंजर और एस्पायर के बीच में हुआ जिसमें क्रमशः चैंपियन और चैलेंजर सदन ने अपने प्रतिद्वंदी को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। सीरीज का फाइनल मुकाबला चैलेंजर और चैंपियन सदन के बीच में हुआ जिसमें चैलेंजर ने पहले बैटिंग करते हुए चैंपियन के समक्ष 96 रन का लक्ष्य दिया ।वही खूबसूरत पारी खेलते हुए चैलेंजर टीम ने चैंपियन



को 68 रन पर ही समेट कर अपोलो कप पर अपना कब्जा जमाया। चैलेंजर की तरफ से वीर बेनीवाल ने श्रेष्ठ पारी खेलते हुए 36 रन बनाए और अपने प्रतिद्वंदी टीम के चार विकेट चटका कर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। भव्य जैन ने भी 16 रनों का योगदान दिया । वही चैंपियन सदन की तरफ से मिंकु ने धमाकेदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट और दिव्यम ने 20 रनों का योगदान दिया। मुकाबला का तीसरे स्थान के लिए मैच एस्पायर और अचीवर सदन के बीच में खेला गया जिसमें एस्पायर ने जीत हासिल कर तीसरे स्थान पर कब्जा किया। खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि अंतर सदन मुकाबले हमारे अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारते हैं और यही प्रतिभाएं आगे चलकर समाज के साथ अपने देश और विदेश में अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी के इशारे पर ईडी कर रही राहुल गांधी पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : राहुल गांधी के गुजरात** में सक्रिय होते ही मोदी के इशारे पर ईडी भी एक्टिव हो चुकी है। क्या मोदी और शाह अभी से गुजरात चुनाव के लिए इतने डरे हुए है। क्या वो डरते हैं राहुल गांधी और सोनिया से, उनके सच, उनके हौसले, उनकी न्यायप्रियता और उनकी बढ़ती लोकप्रियता से। उक्त शब्द राहुल गांधी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लाली शर्मा टटियाना ने कहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना लिया है। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई को भी अब अपने कार्यालय के बाहर 'भाजपा कार्यालय' का बोर्ड लगा लेना चाहिए। चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई और आरोप पत्र दाखिल करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और राजनीतिक बदले की भावना से ग्रस्त है। यह भाजपा की अलोकतांत्रिक सोच व बदले की भावना को दशार्ता है। लाली शर्मा ने कहा कि देश में शायद ही कोई विपक्ष का नेता हो जो इनके निशाने पर न हो। ऐसी ओछी राजनीति से हम लड़ते रहेंगे।

### इंद्री अनाज मंडी में आढ़तियों के बीच हुई हाथापाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के हलका इंद्री** स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में दोनों मंडी एसोसिएशन के आढ़तियों के बीच जमकर हाथापाई हुई। विवाद बारदाने और लिफ्टिंग वाहन को लेकर था। मंडी एसोसिएशन के एक प्रधान ने आरोप लगाया है कि कुछ आढ़तियों ने अधिकारियों से डील कर ली और 1500 से 2000 रुपये प्रति वाहन के हिसाब से सीधे वाहन मंगवाकर लिफ्टिंग करवा ली। डीएफएससी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की भी पोल खुली। इतना ही नहीं, यह भी सामने आया कि डीएफएससी अधिकारी और कर्मचारी मार्केट कमेटी सचिव की भी नहीं सुनते और अपनी मनमानी करते हैं। शनिवार को मंडी की दोनों एसोसिएशनों के आढ़ती बारदाना व उठान की समस्या पर चर्चा करने के लिए मार्केट कमेटी कार्यालय में एकत्रित हुए। बैठक के दौरान एक आढ़ती ने सवाल उठाया कि रात 12.30 बजे बारदाना वितरण करने का क्या औचित्य है? जवाब में दूसरे पक्ष ने कहा कि तय हुआ था कि जिनके ढेर खाली हैं, उन्हें ही बारदाना मिलेगा और पूरी मंडी के ढेर चेक किए गए थे। इस बात पर विवाद तब और बढ़ गया जब एक आढ़ती ने दूसरे से कहा कि तुम ही अकेले गए थे? इसके बाद बहस तेज हो गई और दोनों गुटों के आढ़ती एक-दूसरे पर चिल्लाने लगे। मीटिंग में एक आढ़ती ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डीएफएससी ने 20 गाडियां मार्किट में बेच दी। इसमें से 10 एक पक्ष को और 10 दूसरे पक्ष को दी गईं। हर गाड़ी 1500 रुपए में दी गई और कुल 30 हजार रुपए अवैध रूप से वसूले गए। आढ़ती का दावा है कि उसके सामने ही ये गाड़ियां मंडी में बेची गईं और प्लेटफॉर्म पर घूमती रहीं।

### हांसी ब्रांच नहर से मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के बल्ला क्षेत्र** में हांसी ब्रांच नहर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। युवक के हाथ पर मां और अंग्रेजी में के.आर. लिखा हुआ था, जिससे पहचान की कोशिश की जा रही है। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह कुछ समय से पानी में था। भिवानी के परिजन अपने बेटे की नहर में तलाश कर रहे थे, उसी दौरान यह लाश दिखी। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि भिवानी का एक युवक हांसी ब्रांच नहर में डूब गया था। शुक्रवार की देर शाम उसका परिवार नहर किनारे उसकी तलाश कर रहा था। इसी दौरान उन्हें पानी में एक डेडबॉडी दिखी। उन्होंने तुरंत गोताखोरों को कॉल किया। प्रगट सिंह की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। डूबे युवक का परिवार भी मौके पर मौजूद था। उन्होंने शव देखा, लेकिन साफ कहा कि यह उनका बेटा नहीं है। शव की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह कुछ दिनों पुराना है।

# अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
डीसी डाक्टर विरेदंर दहिया ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया/ आख्या तीज का शुभ मुहूर्त है जोकि सार्वजनिक रूप से आख्या तीज के नाम से भी जाना जाता है, सामाजिक प्रथा अनुसार इस शुभ मुहूर्त पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह, शादियों का आयोजन किया जाता है जिसकी आड़ में लोगों द्वारा काफी संख्या में बाल विवाह को भी संपन्न किया जाता है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार कानूनन अपराध है। डीसी ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर 30




अप्रैल को विवाह करवाने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदार व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस, धर्मशाला मालिक/प्रभारियों कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस आदि के संचालकों को निर्देश दिए गए है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले से दूल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें व आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखे। अपने क्षेत्र में बाल विवाह का आयोजन न होने दें। ऐसा पाए जाने पर इसकी सूचना प्रशासन को दें और बाल विवाह रोकना सुनिश्चित करें। डीसी डाक्टर दहिया ने बताया कि विवाह के लिए लडकी की शादी की उम्र 18 वर्ष व लडके की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विवाह करना कानून्न अपराध है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक के जुमार्ने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# डीएवी स्कूल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**डीएवी विद्यालय** के प्रांगण में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



जिसमें अन्डर 14 व अण्डर 19 आयुवर्ग के छात्रों के बीच में विभिन्न मैच हुए।इस आयोजन का आरंभ प्रधानाचार्या भव्या शर्मा के द्वारा टॉस व रिब्बन काटकर किया गया। यह सभी मैच विद्यालय में सभी सदनों के बीच में खेले गए। अण्डर 14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गांधी सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय व दयानंद सदन तृतीय स्थान पर रहा । अण्डर 19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय व गांधी सदन तृतीय स्थान पर रहा। यह सभी खेल अध्यापक मृगेंद्र राठी व खेल प्रशिक्षक अंजली शर्मा व प्रदीप की द्वारा करवाए गए। अंत में प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी व सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंडियों में किसानों की सुविधा का रखा जा रहा विशेष ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जिला उपायुक्त डॉक्टर** विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 18 अप्रैल तक मंडियों में 216679.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 200804.7 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 88451 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 24910.3 मीट्रिक टन की आवक हुई व 23808.3 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 12654.4 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है।

बाबरपुर मंडी में अब तक 14681.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 14441.7 की खरीद हुई और 12700 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि बबैल मंडी में 3525.7 मीट्रिक टन की आवक हुई व 3497.8 की खरीद हुई और 1913.7 की लिफ्टिंग हुई। बापौली मंडी में 21176.8 की आवक हुई व 19879.5 की खरीद हुई और 6537 की लिफ्टिंग हुई है।

# एनएच-44 पर पांच वाहनों की हुई टक्कर, युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला में कस्बा** घरौंडा में चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाईवे-44 पर बीती रात भीषण सडक हादसे में चार गाडि?ां आपस में भिड़ गई, जिसमें एक युवती सहित छह लोग घायल हो गए और एक युवक की मौत हो गई। हादसे में एक इनोवा कार दो ट्रकों के बीच बुरी तरह फंस गई और कार में बैठे दो युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इनमें एक युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इनोवा में सवार घायल युवक मनप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मालिक की इनोवा कार चलाता है। 18 अप्रैल की रात वह पंजाब के लुधियाना जिले से दिल्ली एयरपोर्ट अपने साथी नवदीप उर्फ हर्षदीप के साथ गया था। नवदीप अपने ताऊ प्रमिंद्र को छोड? गया था। वापसी में जब वे करीब रात 11.30 बजे घरौंडा के पास पहुंचे, तो इनोवा के आगे एक प्राइवेट बस चल रही थी। तभी अचानक हाईवे के विपरीत साइड (पानीपत की तरफ) से एक ट्रक डिवाइडर क्रॉस करता हुआ आया और बस के पीछे टक्कर मारते हुए इनोवा से जा भिड़ा। मनप्रीत ने बताया कि सामने से टक्कर लगते ही इनोवा साइड से घूम गई और पीछे से आ रहे ट्रक ने ब्रेक लगाए, लेकिन इनोवा दो ट्रकों के बीच में बुरी तरह फंस गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से वे दोनों गाड़ी से निकाले गए। पहले घरौंडा अस्पताल ले जाया गया, जहां से दोनों को करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां नवदीप को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मनप्रीत का इलाज जारी है। उसकी आंख और बाएं कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# पार्क के पास मिला अधेड़ का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में निर्मल** कुटिया के सामने स्थित पार्क के पास एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जानकारी मिलते ही अपना आशियाना संस्था की टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और फिलहाल उसे 72 घंटे के लिए करनाल शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अब मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। अपना आशियाना संस्था के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि मृतक रोजाना यहीं पार्क के पास सोता था और निर्मल कुटिया से प्रसाद लेकर खाता था।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की यात्रा ने आध्यात्मिक प्रेम का किया संचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
**सावन कृपाल रूहानी मिशन** के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग प्रवचन और आध्यात्मिक दीक्षा कार्यक्रम के लिए यमुना एन्क्लेव के सामने स्थित सेक्टर 13-17 के हुड्डा ग्राऊंड में एक विशाल जनसमूह एकत्रित हुआ। विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने 11 वर्षों के बाद पानीपत शहर में आकर लोगों के दिलों में एक बार फिर आध्यात्मिक प्रेम और उत्साह का संचार कर दिया। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग से पूर्व माता रीटा जी ने गुरु अर्जन देव जी महाराज की वाणी



से एक शब्द ह्यप्रभु होय कृपाल त इहु मन लाई (जब प्रभु अपनी दयामेहर करते हैं, तब यह मन प्रभु की ओर लगता है) का गायन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने सत्संग में एक सच्चे और पूर्ण आध्यात्मिक गुरु की असीम कृपा के बारे में बताया कि जब हम ऐसे महापुरुष के चरण-कमलों में पहुँचते हैं तो हमें अनगिनत आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने गुरु अर्जन देव जी महाराज के शब्द की व्याख्या करते हुए इंसान की क्या अवस्था है उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सोचते हैं कि हम केवल शरीर और मन है तथा हमें यह शरीर इस दुनिया की जिम्मेदारियों को पूरा करने और इस संसार के भौतिक सुखों का आनंद लेने के लिए ही मिला है। जब हम किसी पूर्ण आध्यात्मिक गुरु के चरण-कमलों में पहुँचकर उनसे दीक्षा प्राप्त करते हैं, तभी यह सच्चाई हमारे सामने आती है कि वास्तव में हम आत्मा हैं, जो प्रभु के प्रेम और प्रकाश से भरी हुई है लेकिन हमारा मन पाँच इन्द्रियों के द्वारा हमारा ध्यान बाहर की दुनिया में ही लगाए रखता है, जिस करके हम इस भौतिक दुनिया के सुखों और दुखों में ही घिरे रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक सच्चा गुरु प्रभु का ही रूप हैं। जिनके जरिये हम ध्यान-अभ्यास करने का तरीका सीखते हैं और अपने ध्यान को दो भ्रूमध्य आँखों के बीच ह्यशिवनेत्रह्य पर एकाग्र करते हैं। केवल यही वो द्वार है जो प्रभु के प्रेम, प्रकाश और आनंद की अंदरुनी दुनिया की ओर खुलता है। जब हम ध्यान-अभ्यास करते हैं तो हमारी आत्मा के ऊपर से मन-माया और भ्रम की सभी परतें हट जाती हैं। हमारा मन जो हमारे ध्यान को इस बाहर की दुनिया में ले जा रहा था, अब वह अंदर की दुनिया में जाकर प्रभु के प्रकाश का अनुभव करता है। अपने सत्संग प्रवचन के अंत में परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि एक पूर्ण सच्चे की गुरु दयामेहर से ही हम अंतर के दिव्य खजानों का अनुभव करते हैं। एक शिष्य जब अपने गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण करता है तो वो उसे आध्यात्मिक दौलत से मालामाल कर देते हैं। उनकी दयामेहर से ही शिष्य की पाँचों इंद्रियाँ अंतर्मुख होती हैं और तब उसकी आत्मा उच्च आध्यात्मिक मंडलों में उड़ान भरती है, जहाँ वो प्रभु के दिव्य-प्रेम, आनंद और प्रकाश का अनुभव करती है। आखिर में हमारी आत्मा प्रभु में विलीन होकर अपने जीवन के परम उद्देश्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना, को पूरा कर लेती है।

# अग्निशमन विभाग की तरफ से फायर ड्रिल कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरे कृष्णा इंटरनेशनल** स्कूल समालखा में आज अग्निशमन विभाग की तरफ से फायर ड्रिल कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग इंचार्ज जितेंद्र बेनीवाल , सहयोगी हितेश , दीपक , अजीत आदि फायर स्टेशन के अधिकारियों ने सभी विद्यार्थियों , अध्यापक-अध्यापिकाओं , ड्राइवर - कंडक्टर्स सभी को आग लगने पर बचाव के सुरक्षित तरीके बताए। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलाई गई इस मुहिम के अंतर्गत हरे कृष्णा



इंटरनेशनल स्कूल में भी कार्यक्रम किया गया । 14 अप्रैल 1944 में मुंबई में हुए अग्निकांड में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में जिला अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने छात्रों को बताया कि आए दिन हो रही अग्नि की भीषण घटनाओं से बचने के लिए स्कूल में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।


# दो दिवसीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**दिल्ली पब्लिक स्कूल,** पानीपत रिफाइनरी द्वारा पानीपत रिफाइनरी की मिनी स्मार्ट सिटि के खेल मैदान में दिनांक 18-19 अप्रैल, 2025 को दो दिवसीय इंटर स्कूल टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानीपत व आसपास के प्रतिष्ठित विद्यालयों की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व और टीम वर्क जैसे गुणों का विकास करना रहा। दो दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया और खेल का भरपूर आनंद लिया।



टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दिल्ली पब्लिक स्कूल, पानीपत रिफाइनरी और आर्यकुलम इंटरनेशनल स्कूल, करनाल के बीच खेला गया, जिसमें डीपीएस पानीपत रिफाइनरी की टीम ने 84 रनों से शानदार जत दर्ज की। हार्दिक शर्मा को 75 रनों की धमाकेदार पारी के लिए ह्यमैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज के समापन समारोह के मुख्य अतिथि, पानीपत रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख श्री एम. एल. डहरिया ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के विकास का आधार है। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना को प्रोत्साहित करते हैं।" उन्होंने भविष्य में भी डीपीएस के ऐसे आयोजनों को रिफाइनरी द्वारा निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य सुरेन्द्र पी. सचदेवा ने कहा, "डीपीएस पानीपत रिफाइनरी का सतत प्रयास है कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान किए जाएं। यह टूर्नामेंट विद्यार्थियों में आत्मानुशासन, टीमवर्क और खेल नैतिकता जैसे मूल्यों के विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। हार और जीत से परे, खेल को खेल भावना के साथ खेलना ही वास्तविक उपलब्धि है।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं। इस से पहले, टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश दुबे, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त), पीआरपीसी ने किया था। समारोह में विवेक नारायण, महाप्रबंधक (ईएमएस) और डीपीएस के प्राचार्य सुरेन्द्र पी. सचदेवा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# जहांगीरपुरी में पानी आ रहा "गंदा", परेशान हैं हर "बंदा"





**कब होगा समस्या का समाधान, सुबह और शाम आता है पानी, लेकिन गंदा, बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीदकर पी रहे हैं लोग, जहांगीरपुरी आरडब्ल्यूए की मांग, स्वच्छ जल की आपूर्ति करें सरकार ताकि जनता को न होना पड़े परेशान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: गर्मी का मौसम** शुरू होते ही राजधानी दिल्ली में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है, जिस कारण राजधानी दिल्ली के लोग काफी ज्यादा परेशान हैं।

सरकार पानी की समस्या खत्म करने को लेकर बैठकें कर रही है।

मंत्री अधिकारियों को दिशा-निर्देश दें रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात जस के तस बनी हुई हैं।

दिल्ली में टैंकर माफिया को खत्म करने के वादे कर दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा सरकार आम जनता को पानी की समस्या पर राहत नहीं दे पा रही है। जिसका नतीजा यह है कि जनता पानी की समस्या को लेकर सरकार को कोसने लगी हैं।

**जहांगीरपुरी में हालात बदतर, गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं निवासी:** पिछले लगभग दस दिनों से बादली विधानसभा क्षेत्र के जहांगीरपुरी के आई और जे ब्लॉक में पानी गंदा आ रहा है, जिस कारण यहां के निवासियों को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही है।

स्थानीय महिला सीमा ने बताया कि जहांगीरपुरी के आई ब्लॉक में सुबह और शाम पानी आता है। लेकिन वो पानी किसी काम का नहीं।

बदूबदार और गंदा पानी न पीने के काम आता है, न बर्तन धोने के, जिस कारण लोग बाजार से 15-20 रूपए में पानी की बोतलें खरीदने को मजबूर हैं। लेकिन सरकार हमारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है, हमारी सरकार से मांग है कि हमें स्वच्छ जल दिया जाये, जिससे की हमें बाजार से महंगे दामों पर पानी न खरीदना पड़े।

## जहांगीरपुरी आरडब्ल्यूए की मांग, स्वच्छ जल उपलब्ध कराये सरकार



**जहांगीरपुरी** आई एण्ड जे ब्लॉक के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड से मांग की है कि स्वच्छ जल की आपूर्ति हो, जिससे की लोग जल को पी सकें। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से जहांगीरपुरी के आई और जे ब्लॉक सहित कई ब्लॉकों में गंदा पानी आ रहा है, जिस कारण से लोग परेशान है।

## पानी गंदा आने से बोतलों में पानी बेचने वाले की चांदी: भारत सिंह राघव



**समाजसेवी** भारत सिंह राघव ने कहा कि चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी व भाजपा ने जनता से कई वादे किये थे, कि हम दिल्ली की जनता को सुविधाएं देगें, लेकिन दिल्ली की जनता को जहां एक ओर घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है, वहीं जनता को गर्मियां शुरू होते ही पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जहांगीरपुरी में गंदा पानी आने की वजह से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पानी गंदा आने की वजह से जार में पानी बेचने वालों की चांदी हो रही है। मेरी सरकार से मांग है कि जनता को शुद्ध जल मुहैया कराया जाये।

## दूषित पानी पीने से हो सकती है कई प्रकार की बीमारियां ...

**अगर** डाक्टरों की माने तो दूषित पानी पीने से कई प्रकार की बीमारियां हो सकती है, इसलिए लोगों को दूषित पानी पीने से बचना चाहिए। डाक्टरों का यह भी कहना है कि अगर लगातार दूषित पानी से नहा भी लिया जाये तो त्वचा रोग भी हो सकता है। इसलिए सभी शुद्ध जल ही ग्रहण करें और स्वच्छ आहार का प्रयोग करें।

## दिल्ली में सरकार बदली, लेकिन समस्याएं जस की तस

मंत्री अधिकारियों को दिशा-निर्देश दें रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं। दिल्ली में टैंकर माफिया को खत्म करने का वादा कर दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा सरकार आम जनता को पानी की समस्या पर राहत नहीं दे पा रही है। दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से लोग परेशान हो रहे है।

# वजीरपुर: भाजपा राज में दिल्ली में भी हो रहा है विकास: संजीव पाठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजीव पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश की जनता भाजपा की नीतियों से काफी ज्यादा खुश है।

**भाजपा ने किया देश में विकास:** श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा से काफी ज्यादा प्रभावित है।

**भाजपा राज में देश में लागू हुई नई-नई योजनाएं:** भाजपा राज में देश में नई-नई योजनाएं लागू हुई है, जिससे की देश की जनता लाभांवित हुई है और जनता को सुविधाएं मिल रही है।

**दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद से विकास हुआ तेज:** श्री पाठक ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब दिल्ली में विकास तेजी से हो रहा है और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल रही है।

**दिल्ली में जलभराव और जाम की समस्या से जनता को मिलेगी राहत:** भाजपा नेता संजीव पाठक ने कहा कि मैं भाजपा का सिपाही हूं और मैं यकीन से कह सकता हूं कि भाजपा जमीनी स्तर पर कार्य करती है, अब दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, दिल्ली सरकार जलभराव न हो इसके लिए तेजी से कार्य कर रही है। साथ ही जाम की समस्या को लेकर भी योजनाएं बनाई जा रही है।

# मुकुंदपुर वार्ड: गुलाब सिंह राठौर ने विकास कार्यो का लिया जायजा और निगम पार्कों में चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर द्वारा वार्ड में विकास कार्यों को लेकर जहांगीरपुरी ईई ब्लॉक की गली-गली में जाकर विकास कार्यों का जायजा लिया, इसके साथ ही क्षेत्र के निगम पार्को मे सफाई अभियान चलाया। क्षेत्र में स्थानीय निवासी के घर में शादी होने के चलते पार्क में साफ-सफाई करवाई गई। इस मौके पर निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि मेरे द्वारा क्षेत्र में दौरा बदस्तूर जारी रहता है, मैं खुद जाकर क्षेत्र में दौरा करके कार्यों का जायजा



लेता रहता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा समय समय पर क्षेत्र में साफ-सफाई सहित अन्य विकास कार्य किए जाते रहते है और मैं हमेशा ही क्षेत्र की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यो को लेकर दौरा करता रहता हू व क्षेत्र के लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनता भी हूं और उसका निस्तारण भी करने का पूरा प्रयास करता हूं। राठौर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने मुझे उनकी समस्या व अन्य कार्यों के लिये चुना है और में अपने क्षेत्र के लोगों का आभारी हूं और मेरे घर द्वार व दरवाजे आधी रात को भी मेरे क्षेत्र के लोगों के लिए खुले रहते हैं।

# जल ही जीवन है इसकी एक-एक बूँद अमृत समान है: प्रेमचंद गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि आदरणीय बंधुवर जैसे की सर्वविदित है कि दिल्ली में पानी की भारी कमी है हम सब का कर्तव्य बनता है कि पानी का प्रयोग करते समय पानी की बचत का ध्यान रखे।

उन्होंने आगे बताया कि अपनी कार व बरामदा धोते वक्त बाल्टी व मग्गे का प्रयोग करें न की पाइप द्वारा पानी चलाकर रोजाना हजारो लीटर पानी बर्बाद करे, स्नान करते समय शावर की बजाये बाल्टी व मग का प्रयोग करें और शेव करते समय नल खुला ना छोड़े। बहनो से निवेदन है की फिल्टर से निकले वेस्ट पानी को बर्तन साफ करने में व कपड़े धोने में और पौधों की सिचाई में प्रयोग करें।

यदि कोई व्यक्ति सड़क पर पाइप से गाड़ी धोता हुआ मिले तो उसकी शिकायत जल बोर्ड में अथवा पुलिस में करे, यह सब हम अपने बच्चो के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु कर रहे है।

उन्होंने कहा कि आशा करता हूँ की आप सभी उपरोक्त बातों का ध्यान रखेंगे व अपने सभी ग्रुपो में भेजेंगे ताकि आम जनता में यह संदेश जा सके।

## पानी को बर्बाद न करें, जल ही है जीवन


**अपनी** कार व बरामदा धोते वक्त बाल्टी व मग्गे का प्रयोग करें न की पाइप द्वारा पानी चलाकर रोजाना हजारो लीटर पानी बर्बाद करे। स्नान करते समय शावर की बजाये बाल्टी व मग का प्रयोग करें और शेव करते समय नल खुला ना छोड़े, बहनो से निवेदन है की फिल्टर से निकले वेस्ट पानी को बर्तन साफ करने में व कपड़े धोने में और पौधों की सिचाई में प्रयोग करें।

# जनता की समस्याओं का किया जा रहा है उचित समाधान: टिम्सी शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बादली विधानसभा क्षेत्र के** अन्तर्गत आने वाले वार्ड 18 जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक स्थित निगम कार्यालय पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना।

इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, अनुज सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





आपको बतादें कि निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की जो भी समस्याएं है, उनको सुन जनता की समस्याओं का समाधान कर रहीं है, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। शनिवार को निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने अपने कार्यालय पर जनता की समस्याओं का सुना और उनकी समस्या का मौके पर अधिकारियों से समाधान भी करवाया।

## गोपनीय तरीके से संपन्न हुई हर्षिता केजरीवाल की शादी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की इकलौती बेटी हर्षिता केजरीवाल शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गईं। उन्होंने संभव जैन के साथ सात फेरे लिए, जो उनकी बैचमेट भी थे। शादी कपूरथला हाउस में हुई, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य ही शामिल हुए थे। समारोह का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है, जिसमें केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ठुमके लगाते दिख रहे हैं। इससे पहले 17 अप्रैल को गोपनीय तरीके से होटल शांगरी-ला में सगाई समारोह आयोजित हुआ था। वहीं अब रिसेप्शन 20 अप्रैल को होगा। शादी समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष ससोदिया भी पहुंचे थे। वहीं शादी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें संभव जैन स्टेज पर थिरकते नजर आ रहे हैं। संभव और हर्षिता दोनों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की, जहां उनकी मुलाकात हुई और दोस्ती प्रेम में बदली।

# गरीब और वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर बनाकर, विकसित दिल्ली का लक्ष्य करेंगे पूरा: रविन्द्र

**□ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार भी विकसित दिल्ली संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर काम कर रही है। □ नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाबा साहेब जैसे महापुरुषों का सपना था की गरीब और वंचित वर्ग के लोग मुख्यधारा में अहम योगदान दें और आत्मनिर्भर बनें।**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मोइरांग दिवस पर शनिवार को नेताजी सुभाष बोस आईएनए ट्रस्ट एवं फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

14 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज ने मणिपुर के मोइरांग में पहली बार स्वतंत्र भारत का तिरंगा फहराया था।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले महापुरुषों को सम्मान देने और उनके संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का काम लगातार हो रहा है। केंद्र सरकार ने नेताजी की स्मृति में इंडिया गेट के नजदीक भव्य प्रतिमा स्थापित की है, लाल किला में संग्रहालय बनवाया है और अंडमान निकोबार में आइलैंड का नाम नेताजी के नाम पर रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की हाल ही में दिल्ली सरकार ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी का जयंती सप्ताह मनाया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाबा साहेब जैसे महापुरुषों का सपना था की गरीब और वंचित वर्ग के लोग मुख्यधारा में अहम योगदान दें और आत्मनिर्भर बनें। मोदी जी के नेतृत्व में यह सपना साकार हो रहा है।

गरीब उत्थान के साथ ही देश विकसित भारत और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार भी 'विकसित दिल्ली' संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर काम कर रही है।

सहकारिता से आत्मनिर्भरता की दिशा में दिल्ली की हाउसिंग सोसायटी में स्वसहायता समूह के उत्पादों के स्टोर्स खोले जाने हैं। बवाना के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने की परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार भी विकसित दिल्ली संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर काम कर रही है।

सहकारिता से आत्मनिर्भरता की दिशा में दिल्ली की हाउसिंग सोसायटी में स्वसहायता समूह के उत्पादों के स्टोर्स खोले जाने हैं। बवाना के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने की परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है।

# मुलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं बुराड़ी के लोग: बसंत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली में कभी भी विकास की रफ्तार नहीं थमी। तो वहीं दिल्ली के अंतिम व्यक्ति तक भी सरकार की सभी योजनाएं योजनाबद्ध तरीके से उन तक पहुंच जाया करती थी।

अगर बात करें मुलभूत सुविधाओं की तो लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए कभी भी तरसना नहीं पडता था। लेकिन दिल्ली नगर निगम में भाजपा की पंद्रह साल तक सरकार रही तो वहीं वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार निगम में काबिज है। दोनों सरकारे निगम में रह चुकी है बावजूद इसके क्षेत्र के हालात में कोई सुधार नहीं आया है। उक्त बातें मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले व कांग्रेस नेता अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि वार्ड-8 के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है तो वहीं समुची बुराडी विधानसभा साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं के लिए तरस रहे है विधायक और निगम पार्षद राजनीती करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक वार्ड ही नहीं पूरे बुराडी विधानसभा क्षेत्र में गदंगी का माहौल बना हुआ है क्षेत्र में पूर्ण रूप से साफ-सफाई नहीं की जाती है व कर्मचारी भी अपने मनमुताविक काम करते है, जिसकी लापरवाही की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग जाते है, जो कि हवा के सहारे उड़कर लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे न की क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है।

## महापौर ने मुस्तफाबाद हादसे के बचाव अभियान का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली। दिल्ली के** महापौर महेश कुमार खिची ने शनिवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद का दौरा किया और इलाके में हुए हादसे के बचाव अभियान का निरीक्षण करने के लिए दयालपुर पहुंचे। महापौर ने बाद में यह जानकारी साझा करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं उन लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिनकी इस हादसे में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के निगमायुक्त अश्वनी कुमार को घटना की जांच कराने के आदेश दिए हैं।

# अभाव व अपमान में भी बाबा साहब ने बनाया रास्ताः योगी

## सीएम की अपील: समाज को जातीय आधार पर बटने नहीं देना है, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अभियान के साथ जोड़ना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई। विकसित और आधुनिक लोकतंत्र के अनेक अग्रणी देश हैं, जिन्होंने अश्वेतों व महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 के पहले आम चुनाव में ही एससी-एसटी, अतिपिछड़ी व महिलाओं को मत देने का अधिकार दे दिया था। यह बाबा साहब की कलम से ही संभव हो पाया। देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है। मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को गोरखपुर क्लब में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में कहीं।

**मताधिकार**

**बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई**



**पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहब को पद मिलेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने मेहनत के साथ संविधान तैयार कराया। लेकिन जब कांग्रेस ने संशोधन में संशोधन प्रारंभ किए तो वे उद्वेलित हुए। कांग्रेस बाबा साहब को संविधान सभा में जाने नहीं देना चाहती थी, लेकिन लोकप्रियता व भारत मां की प्रतिबद्धता के कारण वे संविधान सभा के सदस्य बने। फिर उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि उन्हें यह पद मिले। इसके लिए काफी षडयंत्र भी किया। बाबा साहब ने अपनी योग्यता व क्षमता से ऐसा संविधान दिया, जो भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने का गौरव दिलाता है। एससी-एसटी छात्रों को सौ फीसदी छात्रवृत्ति मिले, इस वर्ग के नागरिकों को नौकरियों में आरक्षण मिले, एससी-एसटी व अन्य वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो, यह बाबा साहब की देन है।

**बाबा साहब की विद्वता से घबराई थी कांग्रेस, इसलिए उनके मार्ग में खड़ा करती थी बाधाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा लगातार प्रयास करती रही। जिसके कारण समाज में विद्वेष, अराजकता पैदा होता रहे। कांग्रेस ने 1952 में बाबा साहब को चुनाव नहीं जीतने दिया। उन्हें हराने वाले को पद्म पुरस्कार दिया। 1954 उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके निजी सहायक को ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ाया, बाबा साहब फिर हार गए। जब हिंदू महासभा के एक सदस्य ने पुणे की सीट छोड़ी, तब बाबा साहब संसद में जा पाए। कांग्रेस उनकी कर्मठता, विद्वता, एससी-एसटी व देश के प्रति प्रतिबद्धता से घबराई थी, इसलिए पग-पग पर उनके मार्ग में बाधा खड़ा करती थी। राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं तो आश्चर्य होता है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने डॉ. आंबेडकर का अपमान किया। जब पीएम चंद्रशेखर ने वह भवन बाबा साहब के नाम पर आवंटित किया तो कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया। फिर अटलजी ने कार्य पूरा किया, मोदीजी ने स्मारक बनाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने 65 वर्ष में वह करके दिखाया, जो लोग सैकड़ों वर्ष में नहीं कर पाए। 1947, 1956, 1962, 1967, 1971, 1980, 1985, 1991, 2004, 2009 में भी कांग्रेस सरकार देश में थी, लेकिन उनका एक भी स्मारक नहीं बनाया। भाजपा ने उनके पंचतीर्थ बनाए, कांग्रेस, राजद, सपा या अन्य दलों का कोई योगदान नहीं है। 26 नवम्बर की तिथि 2015 से संविधान दिवस के रूप में मनाई जाती है।

# रामजी लाल सुमन को माफी मांगनी चाहिए: केशव प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगरा दौरे को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश आगरा में राजनीति करने गये हैं। जबकि मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर दिये बयान पर उनकी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को माफी मांगनी चाहिए। केशव प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अखिलेश यादव ने कौन सा तीर मार दिया है, जो आगरा में राजनीति करने पहुंचे हैं। अखिलेश को अपनी पार्टी के सांसद से माफी मंगवाना चाहिए। जबकि वे बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। राजनीति करने से अच्छा है कि तत्काल माफी मांगकर मामले को समाप्त करे। वैसे भी समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 का निर्णय इसे साबित करेगा। भाजपा तीन सौ से अधिक सीटें जीतकर पुनः सरकार बनायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एईएसएल, गुरुग्राम के छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में शानदार प्रदर्शन किया



**गुरुग्राम।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जो टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है, ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की। संस्थान की अटूट शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ते हुए, आकांशियन अमोघ बंसल (एआईआर 29) हरियाणा स्टेट टॉपर बने, जबकि तीन अन्य छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 100 रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया।
दिव्या रुस्तगी ने ऑल इंडिया रैंक 28, आदित्य कुमार ने एआईआर 79, और आयुष अग्रवाल ने एआईआर 133 हासिल की, जो इस वर्ष एईएसएल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
इन परिणामों से साबित होता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की जा सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल के दूसरे और अंतिम जेईई सत्र का समापन हुआ। जेईई मेन्स भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें। छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. यशपाल, चीफ अकादमिक और बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, ने कहा, "हम अपने छात्रों की मेहनत और सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सही कोचिंग और संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सभी सफल छात्रों को बधाई, और हम उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।"

### रेलवे ट्रैक पर नग्नावस्था में पड़ा मिला घायल युवक

**मथुरा।** थाना राया के समीप कासगंज मथुरा रेलवे ट्रैक पर नग्नावस्था में घायल पड़े युवक की सूचना पर कस्वे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार की सुबह थाना राया के समीप एक युवक जो कि नग्नावस्था में रेलवे ट्रैक पर घायल अबस्था में लहूलुहान पड़ा हुआ था। युवक के सिर पर चोट के निशान थे। जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर राया पुलिस और रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुच गयी और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया प्रथम द्रष्टया रेलवे ट्रैक पर मिला युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त हो सकता है। जो ट्रेन की चपेट में आ गया है। उसके शरीर पर कपड़े नही होने के कारण उसकी शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुयी है। राया कस्बे में शनिवार सुबह रेलवे ट्रेक पर नग्न अवस्था मे मिले अज्ञात युवक की शिनाख्त न होने से क्षेत्र में चर्चा है। हाल ही में मांट के युवक को उसकी प्रेमिका द्वारा गेस्ट हाउस के कमरे में मृत अवस्था मे छोड़ कर भागने के बाद गेस्ट हाउस संचालक द्वारा उसके शव को दूर ले जाकर फेंका गया था। जिसमे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गेस्ट हाउस संचालक सहित मृतक की प्रेमिका को दोषी मानते हुए कार्यवाही की थी। लोगों मे चर्चा है कहि उसी की भांति इस युवक के साथ भी कुछ ऐसी ही घटना संभव है। स्थित सामान्य होने के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

### सुरीर पुलिस ने तीन लोगों को जूआ खलने के आरोप में पकड़ा

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने तीन लोगों को जूआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1030 पुलिस ने बरामद किये हैं। प्रताप भट्टे के सामने खाली पडी दुकान से पुलिस ने लालचन्द पुत्र अकाली निवासी परसौतीगढी थाना सुरीर, ज्ञान पुत्र मान सिह निवासी नंगला बरी थाना सुरीर तथा विकास पुत्र विजयपाल निवासी सुरीर कंला थाना सुरीर को पकडा।

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विश्व हिन्दू परिषद ने किया प्रदर्शन

**बाराबंकीः पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून की आड़ में हुए हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शनिवार को शहर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर लाजपत नगर से पटेल तिराहे तक विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। बंगाल में हिंदुओं की हत्या और उनके घरों, प्रतिष्ठानों में हो रही आगजनी हो रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता के द्वारा एक विशेष समुदाय को खुलेआम संरक्षण दिया जा रहा है। जमकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

# बड़े दावों के बीच बदहाल हैं ब्रज के कुंड, सरोवर

## प्रसिद्ध कुंड और सरोवर अतिक्रमण की चपेट में, प्रदूषण भी बडा मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः ब्रज** के कुंड सरोवरों को संवारने और सुरम्भ्य बनाने के बडे दावों के बीच सच्चाई यही है कि कुंड सरोवरों की स्थिति ठीक नहीं हैं। तमाम प्रसि; और धार्मिक महत्व के कुंड और सरोवर बदहाल स्थिति में हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का केंद्र, अपने पवित्र कुंडों के लिए प्रसिद्ध है। राधा कुण्ड, गोविंद कुण्ड, श्याम कुण्ड, ललिता कुण्ड, और कुसुम सरोवर जैसे कुंड धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। ब्रज वृन्दावन



देवालय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गोस्वामी कृष्णनन्द भट्ट के नेतृत्व में मल्हार कुण्ड और बलदेव कुण्ड का निरीक्षण किया। दोनों कुंडों की स्थिति दयनीय पाई गई। मल्हार कुण्ड गंदगी, कूड़े और अतिक्रमण से घिरा है। जबकि सीवर इसका जल दूषित कर रहा है। बलदेव कुण्ड की हालत भी बदतर है।इन कुंडों का पौराणिक महत्व श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ा है। उपेक्षा से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। प्रतिनिधि मण्डल, जिसमें पर्यावरणविद आकाश वशिष्ठ शामिल थे। संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। समिति ने सरकार से बृज के सभी कुंडों का सीमांकन करने और अतिक्रमण रोकने की मांग की। मल्हार और बलदेव कुण्ड की रक्षा के लिए न्यायालय का सहारा लिया जाएगा।।कुंडों का संरक्षण जल संरक्षण, जैव-विविधता और पर्यटन के लिए आवश्यक है। ये कुंड बृज की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। समाज, सरकार और स्थानीय समुदाय को मिलकर इन्हें पुनर्जनन करना होगा। गोवर्धन के मानसी गंगा, बरसाना का प्रेम सरोवर और अन्य कुंडों की रक्षा से बृज की आध्यात्मिक और प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रहेगी।
यह समय की मांग है कि इन पवित्र स्थलों को उनकी खोई गरिमा वापस लौटाई जाए। ब्रज के सभी कुंडों का सीमांकन हो प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ पर्यावरणविद अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ भी शामिल थे।

# गायों को गर्मी से बचाने के करें पर्याप्त इंतजामः डीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः जिलाधिकारी** चंद्र प्रकाश सिंह ने अस्थाई महुअन गौशाला तथा स्थाई कान्हा गौशाला फरह का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम सम्पूर्ण गौशालाओं के परिसर का अवलोकन किया तथा गर्मी व लू से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में गौवंशो की संख्या, भूसा, चोकर, हरा चारा आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आस पास के ग्रामों के सचिवों एवं प्रधानों से संपर्क करें और किसानों को अधिकाधिक भूसा दान देने हेतु



प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गौवंशो हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा होना चाहिए। गायों को लू और गर्मी से बचाने के पर्याप्त इंतजाम करें। जिलाधिकारी ने गौशाला में साफ सफाई की व्यवस्थाओं को देखा तथा सफाई कमचारियों की संख्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरे, लाइटिंग, पानी, शेड आदि व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुद्दढ़ रहे।

### बंगाल में फैल रहा कट्टरवाद, लगाया जाए राष्ट्रपति शासन: बजरंग

**बागपतः पश्चिम** बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए बजरंगदल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में हिंदुओं की सुरक्षा और बंगाल में फैलते कट्टरवाद पर लगाम लगाने की मांग की गई है। बजरंग दल कार्यकर्ता शनिवार को बड़ी संख्या में एकत्र होकर बड़ौत तहसील पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर और अर्जुन के नेतृत्व में एडीएम बागपत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बंगाल में हो रही हिंसा, हिंदुओ की हत्या पर गहरा दुःख जताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। आरोप लगाया गया कि बंगाल में विदेशी ताकतें देश को अस्थिर करना चाहती है।

# मोदी के नेतृत्व में नई खेल संस्कृति विकसित हुईः सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। पहले भारत के खिलाड़ी जीतने से अधिक भागीदारी से संतुष्ट हो जाते थे मगर आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहाँ कहीं जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। इस बदलाव के पीछे बड़ी वजह सरकार की स्पोर्ट्स फ्रेंडली नीतियां भी हैं। शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया के माध्यम से आज के बदलते भारत में गांवों व छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। खेलो इंडिया के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिमाह 50 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जो उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, आवश्यक उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों में हजारों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। वहीं, अन्य विश्व स्तरीय खेलों का भी आयोजन भारत में हो, इसके भी प्रयास चल रहे हैं। जहाँ तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले नेशनल गेम्स के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। आज पूरा देश, नेशन फर्स्ट को पहले रखकर खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। खेल और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदलीराजनाथ सिंह ने कहा कि आज खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली है।

# रजिस्टर फाड़ने का मामला बीईओ के लिए बना मुसीबत

## बीएसए के बाद सीडीओ ने इस प्रकरण को लिया गंभीरता से, अब हो सकती है बीईओ के विरूद्ध एफआईआर, दी बीएसए ने चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः कार्यालय** खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नंदगांव में रक्षित उपस्थित पंजिका, जिस पर निलम्बित शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति दर्ज की जाती है, को किसी के द्वारा कार्यालय में आकर फाड़ दिया गया था। जिसकी उत्तरदाई तय नहीं करने व दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज नहीं करना उक्त बीईओ को मंहगा पड़ गया है। इस प्रकरण को बीएसए के बाद अब मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने गंभीरता से लिया है। सीडीओ द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नंदगांव कैलाश प्रसाद शुक्ल को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के साथ साथ बीएसए द्वारा उपरोक्त प्रकरण में रोके गए वेतन को तब तक बहाल न करने के निर्देश दिए हैं। जब तक खण्ड शिक्षा अधिकारी, नंदगांव द्वारा उक्त उपस्थिति पंजिका के रख-रखाव हेतु उत्तरदायी लिपिक, कार्यालय सहायक से पुछताछ कर उक्त उपस्थिति पंजिका फाड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करा दी जाती।

**मामला गंभीर**

**इस प्रकरण को बीएसए के बाद अब मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने गंभीरता से लिया है**

बतादें कि खंड शिक्षा अधिकारी नंदगांव कार्यालय में लगे हुए कैमरों की सीसीटीबी फुटेज बीएसए द्वारा मांगी गयी, जिस पर बीईओ द्वारा यह बताया गया कि ब्लॉक संसाधन केन्द्र, नंदगाव में लगे कैमरे खराब है। बीएसए द्वारा यह पूछे जाने पर कि उक्त उपस्थिति पंजिका किसके द्वारा फाड़ी गयी है एवं किस कार्यालय कर्मचारी के सामने फाड़ी गयी है, जिस पर बीईओ नंदगांव एवं ब्लॉक संसाधन केन्द्र, नंदगांव में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया कि उक्त उपस्थिति पंजिका कमरे में रखी हुई टेबल की दराज में रखी हुई थी तथा सभी कर्मचारी अपने अपने कार्य में व्यस्त थे। उनके द्वारा किसी भी व्यक्ति को उक्त उपस्थिति पंजिका फाड़ते हुए नहीं देखा गया।

# अघोषित विद्युत कटौती बनी मुसीबत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः भीषण** गर्मी में बलदेव नगर व देहात क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित विद्युत कटौती से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विभाग की लापरवाही इन दिनों बहुत बड़ी मुसीबत बन गई है। लगातार कई कई घंटे बार बार विद्युत कटौती हो रही है। दिन भर में कई बार काफी समय तक बिजली सप्लाई बंद रहती है। बिजली की आंख मिचौली बराबर चलती रहती है, लोगों का उमस भरी भीषण गर्मी में हाल बेहाल हैं। इन्वर्टर फेल हो जाते हैं। मच्छरों के कारण लोग रात में जागने को मजबूर हैं। विगत दिनों से लोग अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं, भीषण गर्मी में लोग परेशान व आक्रोशित हैं। उमस भरी भीषण गर्मी में पंखे कूलर नहीं चलने से परेशानी हैं। स्थानीय लोगों बलदेव विकास समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय, भाकियू प्रदेश प्रवक्ता रामवीर तोमर, नरेंद्र उपाध्याय, सुरेश चन्द्र पांडेय, सूखी पांडेय अम्बेश पंडित, करन अग्रवाल उमेश पांडेय विजय अग्रवाल सोनू अग्रवाल आदि ने कहा सरकार का निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा फेल साबित हो रहा है। भीषण गर्मी में कभी बिजली कटौती हो जाती है, विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। जनता का आक्रोश बढ़ सकता है। लोग पीने का पानी खरीदने को मजबूर हैं। इन्वर्टर फेल हो रहे हैं। विद्युत कटौती व अधिकारियों के लापरवाही पूर्वक रवैया पर आक्रोश व्यक्त कर विद्युत समस्या समाधान की मांग जिला प्रशासन व विद्युत विभाग से की है।

**आक्रोश**

**आक्रोश व्यक्त कर विद्युत समस्या समाधान की मांग जिला प्रशासन व विद्युत विभाग से की है**

# हाईवे पर हादसे में दो सगी बहनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः राष्ट्रीय** राजमार्ग 19 पर हादसे कार हादसे का शिकार हो गई। कार में सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दंपति की हालत गंभीर है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ छाता आशीष शर्मा ने बताया कि दिल्ली से आगरा की ओर से जा रही कार को अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ये लोग कार से शादी समारोह से हिस्सा लेकर लौट रहे थे। दिल्ली से आगरा की ओर जा रही कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा मथुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर कोतवाली छाता के समीप हुई। हादसे में दो सगी बहनों की मौत हो गई। कार में जिला डीग के थाना जनुथर ग्राम नरौली निवासी अनु (14) और प्रिया (12) पुत्रीगण टेक चंद और पति उमेश (32) पुत्र अमर सिंह और पत्नी शिवानी कार में सवार होकर गाजियाबाद शादी में गए थे। वहां से लौटते समय ये हादसा हो गया। मौके पर ही अनु व प्रिया की मौत हो गई। उमेश व शिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

# लीवर को रखें स्वस्थ, जीवन को बनाएं समृद्ध : डा. राकेश कोच्छर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः** विश्व लीवर दिवस 2025 पर पारस हेल्थ पंचकुला ने एक विशेष लीवर क्लीनिक की शुरूआत की है। यह क्लीनिक हेपेटाइटिस, फैटी लीवर, सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी लीवर की समस्याओं से पीड़ित लोगों की मदद करेगा। इस क्लीनिक में ओपीडी सेवा पारस हेल्थ पंचकुला में हर गुरुवार को उपलब्ध रहेगी। इस क्लीनिक की शुरूआत भारत में मेटाबॉलिक डिस्फंक्शन एसोसिएटेड फैटी लीवर डिजीज (जिसे पहले ठअऋछऊ के नाम से जाना जाता था) नामक लीवर की समस्या के बढ़ते मामलों के कारण की गई थी, खासकर बच्चों और युवा वयस्कों में इस तरह के मामले बढ़ रहे है। पारस हेल्थ के डॉक्टरों का कहना है कि ऐसा मुख्य रूप से इसलिए हो रहा है क्योंकि ज्यादातर लोग जंक फूड खा रहे हैं, जिसमें बहुत ज्यादा अस्वस्थ चर्बी और चीनी होती है। डॉ राकेश कोच्छर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पारस हेल्थ पंचकुला (पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट, सब डीन रिसर्च, , चंडीगढ़) ने बताया, हम देख रहे हैं कि जिन लोगों ने कभी शराब नहीं पी है, उनमें भी लीवर खराब होने के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। जंक फूड भी शराब के जितना ही हानिकारक साबित हो रहा है।

**विशेष**

**जिन लोगों ने कभी शराब नहीं पी है, उनमें भी लीवर खराब होने के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है**

# माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हुआ यूपी: सीएम

## गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपये की सौगात दी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 146 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**विकास पर बल**

बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए करीब 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं। डबल इंजन सरकार आने के साथ यूपी आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है। यूपी की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते, वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौका मिलने पर ऐसे लोग स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं, जनता की भलाई के लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को 2014 के पूर्व के भारत और 2017 के पूर्व के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब भारत भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था, नौजवान किंकर्तव्यविमूढ़ थे। देश की सुरक्षा के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद की चुनौती थी।

### जीरो पॉवर्टी की तरफ बढ़े सरकार के कदम

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार के कदम जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ चले हैं। इसके लिए सरकार नए कार्यक्रम लेकर आ रही है इसमें ऐसे परिवार जो किन्हीं भी कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उनको चिन्हित करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सभी योजनाओं के लाभ से शत प्रतिशत संतृप्त किया जाएगा।*

### उपलब्धियों पर सीएम योगी ने चर्चा की

*अपनी सरकार के नौवें वर्ष के कार्यकाल के शुरूआती महीने में गोरखपुर को 1500 करोड रुपये की सौगात देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को हासिल अकल्पनीय उपलब्धियां की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में खाद कारखाना दोबारा शुरू हो पाएगा, यहां एम्स खुल पाएगा, पिपराइच की बंद चीनी मिल फिर से शुरू हो पाएगी।*

### विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा यूपी

*विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 साल के कार्यकाल में गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके नेतृत्व में 25 करोड़ की राज्य वाले उत्तर प्रदेश में विकास, जन कल्याण और सुरक्षा का उत्कृष्ट माहौल बना हुआ है।*

# राणा सांगा विवाद: पीडीए को डराने की कोशिश- अखिलेश



**साधा निशाना**

अखिलेश यादव का आरोप...जिसने सपा सांसद के घर किया हमला, करणी सेना नहीं वो योगी सेना

**टीम एक्शन इंडिया**
**आगरा:** राणा सांगा पर राज्यसभा में दिए बयान के बाद छिड़े सियासी घमासान के बीच शनिवार को सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने संजय प्लेस स्थित उनके आवास पहुंचे। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराईं, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को डराना चाहते हैं। जिस तरह हिटलर सेना रखता था, लोगों की आवाज दबाने के लिए उसी तरह ये योगी सेना लोगों को डरा रही है।

**ताकत दिखाने नहीं आया हूं...**
अखिलेश यादव ने कहा कि जिस समय सांसद सुमन के यहां आने का फैसला लिया, तभी साफ किया कोई प्रदर्शन नहीं करना है। कोई ताकत नहीं दिखाई है। अपनी पार्टी के नेता के घर जाना है, जो जा रहा हूं।

**पीडीए को डराने की कोशिश**
अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद राजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ। ये हमला साजिश के तहत हुआ है। ये एक सोची समझी चाल है। हमलावरों का इरादा जान लेने का था। दलितों-अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई।

**सामाजिक न्याय की लड़ाई का एलान**
अखिलेश ने आगरा से सामाजिक न्याय की लड़ाई का एलान किया। उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय का राज स्थापित करने की दलितों की राजधानी से घोषणा करते हैं। आगरा सामाजिक न्याय की लड़ाई में कुरुक्षेत्र बनेगा।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम**
अखिलेश के आने से पूर्व ही किसी तरह के उपद्रव की आशंका को देखते हुए हरीपर्वत चौराहे से स्पीड कलर लैब तक सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने कोई हंगामा किया तो उनसे निपटने के लिए भी रणनीति तैयार की गई।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाओ: मिथुन चक्रवर्ती



**खोला मोर्चा**

ममता के खिलाफ मिथुन ने खोला मोर्चा; केंद्र से की सेना भेजने की मांग, 2 महीने से लिए सेना भेजे केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम पास होने के बाद से पश्चिम बंगाल में हालात बेकाबू हो चुके हैं। मुर्शिदाबाद समेत कई जिलों से हिंसा की दिल दहलाने वाली तस्वीर सामने आ रही है। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। मीडिया से बातचीत के दौरान मिथुन चक्रवर्ती ने गृह मंत्री अमित शाह से गुजारिश की है कि पश्चिम बंगाल में 2 महीने के लिए सेना तैनात की जाए। इसके बिना राज्य में कभी निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकेंगे।

**राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**
समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से कई बार बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की विनती कर चुका हूं। अब फिर से कर रहा हूं। राष्ट्रपति शासन नहीं भी लगता है तो कम से कम चुनाव के दौरान 2 महीने के लिए पश्चिम बंगाल में सेना की तैनाती जरूरी है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद से लेकर रिजल्ट आने के 1 महीने बाद तक बंगाल में सेना तैनात रहनी चाहिए। सेना की मौजूदगी में ही यहां फ्री और फेयर इलेक्शन मुमकिन है। वहीं, अगर नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अब छलांग लगाने का समय



**स्वदेशीकरण**

पूर्व सेना प्रमुख ने अग्निपथ योजना को एक महत्वपूर्ण सुधार बताया, आत्मनिर्भरता हासिल करने पर बात की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि आधुनिकीकरण के लिए तेज गति से काम करने की जरूरत होती है, जबकि स्वदेशीकरण में समय लगेगा। अतः इस विरोधाभास के बीच संतुलन बैठाना अहम है। जनरल पांडे ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब धीरे-धीरे कदम उठाने के बजाय छलांग लगाने का समय आ गया है।

**अग्निपथ योजना के रूप में एक महत्वपूर्ण सुधार**
मानेकशॉ सेंटर में आयोजित "द वीक डिफेंस कान्क्लेव" में अपने विशेष संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि सेनाओं में अग्निपथ योजना के रूप में एक महत्वपूर्ण सुधार लागू किया गया है। इसे बनाने, नियोजन और क्रियान्वयन में व्यापक अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय परामर्श तथा अत्यंत जटिल प्रकृति के समन्वय की आवश्यकता थी। आगे बोले कि मेरा मानना है कि इस योजना को और अधिक सुदृढ़ और परिष्कृत बनाने के लिए यह प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों और परिवर्तन के बीच मुख्य अंतर को भी स्पष्ट किया।
मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए सरकार ने 2025 को रक्षा मंत्रालय में 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत सेना में बदलना है।

**जनरल पांडे ने आधुनिकीकरण को लेकर कही ये बात**
अपने संबोधन में जनरल पांडे ने आधुनिकीकरण की दिशा में काम करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के पहलू पर भी प्रकाश डाला। जनरल पांडे ने 29वें सेना प्रमुख के रूप में सेवाएं दी हैं

# डोनाल्ड ट्रंप के झटके से बदले चीन के सुर



**व्यापारिक**

चीनी राजदूत ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंध लाभदायक होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। भारत की कोशिश है कि इसे कैसे कम किया जाए। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ से परेशान चीन ने ही भारत के सामने एक बड़ा ऑफर पेश किया है। चीन अब भारत के साथ व्यापार घाटे को कम करने को तैयार है। उसने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

**भारत से मजबूत संबंध चाहता है चीन**
चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने कहा कि चीन भारत के साथ मजबूत संबंध चाहता है। हम भारत के व्यापार घाटे को भी कम करने को तैयार हैं। चीन में भारतीय निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारत में भी चीनी कंपनियों को उचित माहौल दिया जाएगा। जू फेइहोंग ने कहा कि प्रीमियम भारतीय प्रोडक्ट का चीनी बाजार में स्वागत है।

**दोनों देशों को होगा लाभ**
चीनी राजदूत ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंध लाभदायक होंगे। व्यापार घाटे पर कहा कि चीन ने कभी जानबूझकर व्यापार अधिशेष को नहीं बढ़ाया है।

### चीन के बाजार में अपार संभावनाएं

*चीनी राजदूत ने शी चिनफिंग के हवाले से कहा कि चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यहां के विशाल मध्यम-आय वर्ग में निवेश और खपत की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय व्यवसायों को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वित्त वर्ष में भारत से चीन ने मिर्च, लौह अयस्क और सूती धागे का आयात किया। भारत भी क्रमाशः 17%, 160% और 240% से अधिक निर्यात वृद्धि का गवाह बना।*

# पूर्व अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे पर जानलेवा हमला, जांच जारी



**गंभीर चोट**

चलती गाड़ी पर हुई फायरिंग, बाल-बाल बची जान, हमलावरों ने रिकी राय की गाड़ी को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**रामनगर (कर्नाटक:** पूर्व अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय पर किसी ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने रिकी राय की गाड़ी को निशाना बनाया और ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद मौके से फरार हो गए। इस हमले में रिकी राय और उनका ड्राइवर घायल हैं, दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**बेंगलुरु जा रहे थे रिकी**
यह घटना शुक्रवार की रात 1 बजे की बताई जा रही है। रिकी कर्नाटक के बिदादी में रहते हैं। बीती रात वो अपनी काले रंग की कार से बेंगलुरु के लिए निकल रहे थे। तभी कुछ लोगों ने उनकी कार पर फायरिंग शुरू कर दी। रिकी और उनके ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। दोनों को बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# हेलीकॉप्टर संकट से जूझ रहीं सेनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** इन दिनों भारतीय सेनाओं को हेलीकॉप्टर संकट से जूझना पड़ रहा है। चीता और चेतक हेलीकॉप्टरों में उच्च दुर्घटना दर का सेनाएं पहले से ही सामना कर रही हैं। अब लगभग 330 ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर के ग्राउंड होने के कारण सेनाओं की तैयारियों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस वजह से सैन्य अभियान व अग्रिम क्षेत्रों में टोही मिशन प्रभावित हुए हैं। किसके पास कितने हेलीकॉप्टर एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर का सबसे बड़ा बेड़ा थलसेना के पास है।

**अभाव** बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# अभाव व अपमान में भी बाबा साहब ने बनाया रास्ता: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
विकसित और आधुनिक लोकतंत्र के अनेक अग्रणी देश हैं, जिन्होंने अश्वेतों व महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 के पहले आम चुनाव में ही एससी/एसटी, अतिपिछड़ी व महिलाओं को मत देने का अधिकार दे दिया था। यह बाबा साहब की कलम से ही संभव हो पाया। देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है। मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को गोरखपुर क्लब में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में कहीं।

**पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहब को पद मिले**
मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने मेहनत के साथ संविधान तैयार कराया, लेकिन जब कांग्रेस ने संशोधन में संशोधन प्रारंभ किए तो वे उद्वेलित हुए। कांग्रेस बाबा साहब को संविधान सभा में जाने नहीं देना चाहती थी, लेकिन लोकप्रियता व भारत मां की प्रतिबद्धता के कारण वे संविधान सभा के सदस्य बने। फिर उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि उन्हें यह पद मिले। इसके लिए काफी षडयंत्र भी किया। बाबा साहब ने अपनी योग्यता व क्षमता से ऐसा संविधान दिया, जो भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने का गौरव दिलाता है।

